

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



6 पेज

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 65 | ग्वालियर मंगलवार 13 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### काबुल के चाइनीज होटल में धमाका और फायरिंग, सहमे विदेशी नागरिक



**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से आतंकवादी हमले की एक बड़ी खबर सामने आई है. काबुल के स्टार-ए-नौ होटल में सोमवार को जोरदार धमाका हुआ, जिससे वहां रुके नागरिक काफी डर गए हैं. यह होटल चाइनीज बताई जा रही है. धमाके बाद के बाद कुछ हमलावरों ने होटल में फायरिंग भी की. इसके जवाब में वहां के सुरक्षागार्डों ने गोलीबारी की. इस होटल में कई विदेशी मेहमान भी मौजूद हैं, जिसमें अफरातरफी मच गई है.

### यहां हथकड़ी लगाकर ग्राहकों को हवालात में पिलाई जाती है चाय




**नई दिल्ली।** वैसे तो कोई जेल नहीं जाना चाहता और अगर कोई जेल चला भी जाता है तो उसे ये नहीं पता होता कि वह जेल से कब रिहा होगा। क्योंकि जेल जाना तो अपने हाथ में होता है यानि गुनाह करोगे तो जेल जाओगे लेकिन जेल से रिहा तब होंगे जब आपकी जमानत कोर्ट द्वारा मंजूर की जाएगी, लेकिन अगर आप कैदियों की तरह जेल के सलाखों के पीछे की जिंदगी जीना चाहते हैं वो भी अपने समय के मुताबिक तो मुजफ्फरपुर चले आइए और कैदियों की तरह हवालात में बैठकर चाय पीजिए और बिल का भुगतान करने के बाद जेल से रिहा हो जाइए. दरअसल, मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर में बीटू नाम के शख्स ने जेल के ही लुक में एक चाय की दुकान खोली है. दुकान को पूरी तरह जेल और हवालात का लुक दिया गया है. इतना ही नहीं चाय की दुकान में घुसने पर एक ग्राहक को पुलिस की भेष में और दूसरे ग्राहक को कैदी की भेष में बिठाया जाता है और हाथों में हथकड़ी भी लगाई जाती है. जहां, पुलिस की भेष में बैठे ग्राहक के सिर पर पुलिस की टोपी होती है और हाथों में डंडे होते हैं तो वहीं, कैदी के वेष में बैठे शख्स के हाथों में हथकड़ी होती है. हालांकि, जेलनुमा बने चाय की दुकान में एसी और दूसरी सुविधाओं का भी खास इंतजाम किया गया है. अक्सर जेल के नाम से लोगो में एक डर पैदा हो जाता है लेकिन ग्रेजुएट बीटू ने जेल लुक में एक चाय की दुकान खोली है जो पूरी तरह से जेल की तरह दिख रही है और लोगों को जेल वाला फील ही देती है. सिर्फ मुजफ्फरपुर में ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में बीटू के जेल वाली चाय की दुकान की चर्चा हो रही है. खासकर इस बात की चर्चा हो रही है कि चाय के दुकान कई तरीके से खोले जाते हैं और लोगों को आकर्षित करने के लिए तमाम हथकंड़े अपनाएं जाते हैं लेकिन बीटू ने जो तरीका अपनाया है वह अपने आप में अलग है.

## अचानक दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** मंत्रियों के लिए अपने संबंधित मंत्रालयों के तहत शिकयतें मिलना कोई नई बात नहीं होती है. किसी ना किसी तरीके से लोग अपनी समस्याओं और संबंधित विभाग को लेकर हो रही परेशानियों के बारे में नेताओं को शिकायत जरूरत करते हैं, लेकिन इन शिकायतों पर मंत्रियों की ओर से एक्शन कितना लिया जाता है ये देखने वाली बात है. कुछ ऐसा ही मामला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिला. यहां स्थित हवाई अड्डे से लगातार भारी भीड़ और अव्यवस्थाओं को लेकर यात्रियों की ओर से शिकायत की जा रही थी. बस फिर क्या था केंद्रीय नागिरक उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अचानक एयरपोर्ट पर निरीक्षण करने पहुंच गए. अब केंद्रीय मंत्री अचानक दौरा करने पहुंचेंगे तो जाहिर है कि एयरपोर्ट समेत पूरे महकमे में हड़कंप मच गया. हर कोई व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गया ताकि मंत्री जी के रहते किसी भी तरह की दिक्कत सामने ना आए.

**ये है पूरा मामला**–सर्दी की छुट्टियों का समय नजदीक आ गया है. यही वजह है एयरपोर्ट पर यात्रियों की आमद लगातार बढ़ रही है. ऐसे में दिल्ली एयरपोर्ट का हाल भी कुछ ऐसा ही है. जहां बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्री पहुंच रहे हैं. यात्रियों की बड़ी संख्या के चलते एयरपोर्ट पर जबरदस्त भीड़ हो गई है. इसी भीड़ के बीच व्यवस्थाएं भी चरमरा गई हैं. इन्हीं बिगड़ी अव्यवस्थाओं को लेकर यात्रियों ट्वीट के जरिए अपनी शिकायत सीधे केंद्रीय मंत्री को दर्ज कराई. सोशल मीडिया का असर तो आप सब जानते ही हैं. जैसे ही यात्रियों ने अपनी



शिकायतें दर्ज कराना शुरू कीं. मंत्री स्वयं स्थिति का जायजा लेने एयरपोर्ट पहुंच गए. ज्योतिरादित्य दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पहुंचे. यहां उनके पहुंचने से हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया. ज्योतिरादित्य सीधे एयरपोर्ट के अधिकारियों के पास पहुंचे और सुरक्षा से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी हासिल की. इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को तुरंत यात्रियों की शिकायत निवारण को लेकर निर्देश भी जारी किए.

**यात्रियों ने नर्क तक से की तुलना**–दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़ बढ़ने के बाद हो रही असुविधाओं पर परेशानियों को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. लोगों ने इस अव्यवस्था की तुलना नर्क तक से कर डाली. इसके अलावा किसी ने मछली बाजार तो किसी ने सरोजनी नगर मार्केट से भी दिल्ली एयरपोर्ट की तुलना कर डाली. दरअसल सिविल एविएशन विभाग लगातार यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर कदम उठा रहा है. यही वजह है कि, हाल में सरकार की ओर से डिजी यात्रा व्यवस्था भी शुरू की गई है. इसके तहत यात्रियों को चेकइन और बोर्डिंग में लगने वाले समय से बचाने के लिए एक खास ऐप लॉन्च किया गया है. इसमें संबंधित जानकारी भरने के बाद आपका चेहरा ही आपका बोर्डिंग पास बन जाता है. यानी इस प्रक्रिया में लगने वाला समय तो बचता ही है साथ ही सुरक्षा भी और पुख्ता होती है.

## राजा पटेरिया के खिलाफ एफआईआर पीएम पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायक राजा पटेरिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं. राजा पटेरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गया है. उनके खिलाप पन्ना के पवई पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है. मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. दरअसल, राजा पटेरिया का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो पीएम मोदी की हत्या की बात कह रहे हैं. इस वीडियो के वायरल होने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राजनीतिक जमीन पर कोई मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है. इसी लिए कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री जी की हत्या की बातें कर रहे हैं. कांग्रेस का असली चेहरा यही है, जो अब उजागर हो चुका है. इस मामले में एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेसी नेता का बयान फासीवादी मानसिकता वाला बयान है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब गांधी की नहीं, बल्कि इटली वाली कांग्रेस बन गई है. कांग्रेस के अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी को रावण कहते हैं, तो सोनिया गांधी उन्हें मौत का सौदागर बता चुकी हैं. गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राजा पटेरिया के बयान वाला एक वीडियो ट्विटर पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं, मोदी चुनाव खत्म कर देगा, मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा, दलितों का आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है. अगर संविधान को बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तैयार रहो. हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि उन्होंने हत्या की बात सिर्फ राजनीतिक हार को लेकर कही थी.

### निर्मला सीतारमण का तंज

## बोलीं- बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं सदन में बैठे कुछ लोग

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र जारी है. सत्र में हफ्ते की शुरुआत के दिन ही सदस्यों के बीच हंगामा देखने को मिल रहा है. दरअसल विपक्ष लगातार देश की अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र की सरकार पर निशाना साधता रहा है. इस बीच खुद केंद्रीय वित्त मंत्री और बीजेपी सांसद निर्मला सीतारमण ने विरोधियों को आड़े हाथों लिया. उन्होंने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि, सदन में बैठे कुछ लोग देश की लगातार बढ़ रही अर्थव्यवस्था से जलते हैं. दरअसल सदन में नेताओं का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाना कोई नई बात नहीं है. लेकिन निर्मला सीतारमण ने जिस अंदाज में विरोधियों पर चुप कराया वो देखने लायक था.

**देश की अर्थव्यवस्था पर सवाल**–संसद के शीतकालीन सत्र का सोमवार को चौथा दिन है. इस दिन नेताओं के बीच सीधी नोंक झोंक भी देखने को मिली. इस बीच देश की



अर्थव्यवस्था को लेकर भी सवाल किया गया. इसके जवाब के दौरान सदन का माहौल भी गर्मा गया. दरअसल तेलंगाना के कांग्रेस सांसद अनुमुला रेवंत रेड्डी ने प्रश्नकाल के बीच पीएम नरेंद्र मोदी के एक पुराने बयान को लेकर सवाल किया. उन्होंने कहा कि, देश की इकोनॉमी गड़बड़ा रही है. उन्होंने पीएम मोदी के बयान को भी सदन में सबसे सामने रखा, इस बयान में पीएम मोदी ने कहा था कि, देश की अर्थव्यवस्था आईसीयू में है और दिल्ली सरकार को इसकी चिंता नहीं है. उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर ना सिर्फ सरकार की ओर से अपनी राय रखी बल्कि तीख तंज भी कसा. उन्होंने कहा कि, सदन में कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं. उन्होंने कहा कि, अर्थव्यवस्था को लेकर सवाल पूछना गलत नहीं है, लेकिन जो संदर्भ दिया जा रहा है वो ठीक नहीं है. इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि, जिस वक्त पीएम मोदी ने सवाल किया था. उस दौरान हमारा फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व एकदम नीचे था. भारत को फ्रेजाइल फाइव में रखा गया था. निर्मला सीतारमण ने यहीं नहीं रुकीं. उन्होंने आगे कहा कि, देशवासी होने के नाते देश के आगे बढ़ने पर सभी को गर्व होना चाहिए. हमारी अर्थव्यवस्थी भी लगातार बढ़ रही है, लेकिन यहां बैठे कुछ लोगों इससे जलन हो रही है. यही वजह है कि इस तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं.

### ब्रिटेन की वाणिज्य मंत्री आज दिल्ली में, एफटीए समझौते पर करेंगी चर्चा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के छठे दौर की वार्ता के लिए सोमवार से दिल्ली में हैं. दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और एक महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय व्यापार सौदे पर बातचीत के उद्देश्य से बडेनोच अपने समकक्ष भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से पहली बार व्यक्तिगत तौर से मुलाकात करेंगी. वह पूरे सप्ताह होने वाली औपचारिक वार्ताओं के छठे दौर से पहले वरिष्ठ अधिकारियों की दोनों टीमों को संबोधित करेंगी. जुलाई के बाद पहली औपचारिक दौर की यह वार्ता कीमतों में कटौती और वित्तीय और कानूनी जैसी यूके सेवाओं के लिए अवसरों को खोलने के लिए एक सौदे को लक्षित करेंगी, जो ब्रिटिश व्यवसायों के लिए 2050 तक 250 मिलियन लोगों के मध्यम वर्ग के साथ-साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगी. अपनी यात्रा के दौरान, व्यापार सचिव एक आधुनिक यूके-भारत व्यापार संबंध के लिए उनकी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने के लिए व्यापारिक नेताओं से भी मिलेंगी.

### कांग्रेस ने सेना के लिए बोफोर्स की खरीद में किया घोटाला: बीजेपी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बोफोर्स घोटाले का मुद्दा उठाते हुए एक बार फिर से कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस की सरकार ने सेना के लिए तोपों की खरीद में भी घोटाला किया था. भाजपा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर 1986 में बोफोर्स घोटाला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 1986 में भारत ने 400 होवित्जर तोपों की खरीद के लिए 1,437 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे. 1987 में इस सौदे को लेकर तत्कालीन राजीव गांधी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे. 1990 में सीबीआई ने ओत्तावियो क्वात्रोची



(सोनिया गांधी के पारिवारिक मित्र) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में एफआईआर दर्ज की. भाजपा ने नरसिम्हा राव की कांग्रेस सरकार के दौरान 1993 में ओत्तावियो क्वात्रोची को भारत से भागने देने का आरोप लगाते हुए आगे कहा कि 1999 में सीबीआई ने चार्जशीट दायर की जिसमें कहा गया कि ओत्तावियो क्वात्रोची ने सात मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत ली. लेकिन 1999 में कांग्रेस सरकार ने आधिकारिक तौर पर विदेशी सरकारों से उसके बैंक खातों पर लेन-देन को लेकर लगी रोक हटाने को कहा. बोफोर्स घोटाले का मसला उठाकर भाजपा ने एक बार फिर से कांग्रेस और गांधी परिवार को घेरते हुए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर भी सवाल खड़ा किया है.

## गुजरात के सीएम के पास एक भी गाड़ी नहीं



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बंपर जीत हासिल की है. भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की है. इससे पहले पिछले कार्यकाल के लिए उन्होंने सितंबर 2021 में शपथ ली थी. ऐसे में सभी लोग अब सीएम भूपेंद्र पटेल के बारे में जानना चाहते हैं. वैसे तो वे करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं, लेकिन उनके नाम पर एक भी गाड़ी नहीं है. 2022 के विधानसभा चुनाव के हलफनामे के मुताबिक, सीएम भूपेंद्र पटेल के पास कुल आठ करोड़ 22 लाख रुपये की संपत्ति है. अगर नकद की बात करें तो उनके पास 2 लाख 15 हजार 450 रुपये हैं. भूपेंद्र पटेल के नाम पर भले ही कोई जमीन रजिस्ट्रर्ड नहीं है, लेकिन उनकी पत्नी हेतलबेन के पास 16 लाख 30 हजार की जमीन है. गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के पास 25 लाख रुपये और उनकी पत्नी के पास 47 लाख 50 हजार रुपये के आभूषण हैं. चुनाव के हलफनामे में उन्होंने अपनी कमाई का सोर्स वेतन, रेंट और अन्य जरिया बताया है तो वहीं उनकी पत्नी का इनकम का रास्ता बिजनेस और दुकानों का किराया है. इस बार के विधानसभा चुनाव में भूपेंद्र पटेल ने सबसे अधिक 1.92 लाख मतों के अंतर से घाटलोडिया सीट जीती है. सितंबर 2021 में पहली बार वे विजय रूपाणी के स्थान पर सीएम बने थे. अगर मुख्यमंत्री की गाड़ी की बात करें तो उनके नाम पर एक भी गाड़ी रिजस्ट्रर्ड नहीं है, जबकि उनके परिवार के पास केवल एक एक्टिवा स्कूटर है. हालांकि, उनकी पत्नी के पास एक होंडा एक्टिवा स्कूटर है, वो भी 2007 मॉडल का.

## भव्य समारोह में भूपेंद्र पटेल के साथ 16 मंत्रियों ने ली शपथ

**गांधीनगर/अहमदाबाद।** गुजरात में भूपेंद्र पटेल ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली. गांधी नगर में उनका भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम केंद्रीय मंत्री मंच पर मौजूद रहे, तो बीजेपी शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर मौजूद रहे. भूपेंद्र पटेल को राज्यपाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. उनके साथ कई मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण किया, जिसमें कनुभाई देसाई, हर्ष सांघवी जैसे नाम हैं.

**इन मंत्रियों ने ली शपथ**–भूपेंद्र पटेल गुजरात राज्य के 18वें मुख्यमंत्री बने हैं. शपथ ग्रहण समारोह में भूपेंद्र पटेल ने कहा कि वो जनता के आदेश का पालन करेंगे और पीएम मोदी के आदेशों पर गुजरात को आगे बढ़ाने का काम करेंगे. मुख्यमंत्री के अलावा मंच से शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों में कनुभाई देसाई, हर्ष सांघवी, जगदीश विश्वकर्मा,



मुलुभाई बेरा, भानुबेन बाबरियाठ, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, बलवंत सिंह राजपूत, कुंवरजी बावलिया, कुबेर डिडोर, मुकेश पटेल, पुरुषोत्तम सोलंकी, बच्चू भाई खाबड़, प्रफुल्ल पानसेरिया, भीखू सिंह परमार और कुंवरजी हलपति के नाम शामिल हैं.भूपेंद्र पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा भी मंच पर मौजूद रहे. तो भूपेंद्र पटेल का परिवार भी शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद रहा. गौरतलब है कि भूपेंद्र पटेल के मुख्यमंत्री रहते हुए बीजेपी ने इस चुनाव में जोरदार जीत दर्ज की है. भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात की 188 विधानसभा सीटों में से 156 विधानसभा सीटों पर चुनाव जीत कर नया रिकॉर्ड बनाया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी तारीफ की थी. चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भूपेंद्र ने नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

# 4 माह की गर्भवती महिला से गांव के ही लोगों ने अभद्रता और मारपीट

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी -खबर शिवपुरी के गोवर्धन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव रामपुर में एक महिला की मारपीट कर दी महिला 4 माह की गर्भवती थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव में महिला अपने पति के साथ गांव से खेत कौन होते हो के जाने बाले तो रोविन्द बेड़िया ने महिला की मारपीट कर दी और छेड़छाड़ करने लगा तभी महिला जमीन पर गिर गई और महिला चिल्लाने लगी क्योंकि वह 4 माह




महिला अपने पति के साथ खेत पर घास काटने के लिए जा रही थी. तभी डाबरपुरा का व्यक्ति आया और महिला से कहने लगा कि मेरी गाड़ी पर बैठ जाओ, वापस छोड़ दूंगा महिला द्वारा विरोध करने पर युवक ने के लिए जा रही थी तभी डावरपुरा का रहने वाला रोबिन्द्र बेड़िया आया और कहने लगा कि मेरी मोटरसाइकिल पर बैठ जाओ मैं तुम्हे खेत से अभी वापस छोड़ दूंगा. जब पति ने बोला तुम्हारे साथ क्यो जाएगी तुम की गर्भवती थी जब महिला का पति बचाने लगा तो उनके भी सिर में लाठी मार दी जिससे सिर फट गया और खून निकलने लगा, रोविंद्र के अन्य साथी विशाल बेड़िया पुत्र नंदा बेड़िया, सुक्खा बेड़िया पुत्र नंदा बेड़िया, नीरज बेड़िया, मलखान बेड़िया व जगदीश बेड़िया का लड़का सन्नी, दिनेश कुल्हाड़ी फरसा लेकर आए और बुरी तरह से मारपीट कर दी जिससे महिला एवं महिला के पति भाई दशरथ, गणेश कुशवाह, अमृतलाल आदि पर हमला कर दिया जब महिला और उसका पति सूचना देने के लिए थेन पहुचे तो महिला और उसके परिवार

## पति और अन्य लोगों के साथ भी की मारपीट

वालों को थाने में 3 घंटे बिठा ले रखा जिसके बाद फुलकी द्ध.द्ध.ह्ल की गई लेकिन पुलिस द्वारा महिला के साथ हुई छेड़छाड़ और अभद्रता का जिक्र द्ध.द्ध.ह्ल में नहीं किया गया और साधारण धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया वही पुलिस द्वारा बेड़िया समाज के लोगों की बी एफ आई आर कर मामले को क्रॉस कर दिया जिससे आरोपियों को और सहूलियत मिल गई बताया जा रहा है कि बेड़िया समाज के लोग पहले से भी कई आपराधिक मामले गांव में कर चुके हैं जिसका पुलिस द्वारा निराकरण कर दिया जाता है और ऐसे ही वह खुले में महिलाओं और लोगों के साथ अभद्रता और मारपीट करते रहते हैं महिला ने बताया कि पुलिस द्वारा उन पर राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं वहीं एफआईआर में अन्य आरोपियों के नाम भी नहीं बढ़ाए गए हैं.

# न्याय के लिए गरीब लगा रहा गुहार किन्तु अधिकारी अपने में मस्त है

## गुनौर तहसीलदार ना विधायक की सुनते हैं ना गरीबों की सिर्फ पैसों की सुनते हैं, चाहे किसी गरीब की जमीन जाए या कोई दबंग घर बनाए उससे कोई मतलब नहीं, चरित्र पर सवाल उठाने को मजबूर कर देते है कुछ कारनामे

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**पन्ना।** गुनौर मैं बता दूँ आप सभी को की पन्ना जिले की तहसील गुनौर का मामला है जिसमें तहसीलदार महोदय श्री आर एन चौधरी जी गुनौर तहसीलदार हैं उनके द्वारा 23 नवंबर 2022 से आज तक जमीन का स्टे आर्डर जारी नहीं कर पाए हैं उनका कहना है कि मैं हाईकोर्ट में हूं और मैं आकर ही फाइल देख कर बता पाऊंगा जबकि आवेदन श्याम लाल कुशवाहा निवासी भटहर मेघा जिसकी जमीन कटन तिराहे पर है उस पर लालजी विश्वकर्मा द्वारा कब्जा कर जबरन मकान बनाया जा रहा है आवेदक द्वारा 23 नवंबर 2022 को तहसीलदार महोदय को आवेदन देकर स्टे आर्डर प्रदान करने एवं काम रुकवाने का निवेदन कर चुके हैं प्रत्येक दिन तहसील गुनौर पहुंचते हैं यदि कभी तहसीलदार महोदय से बात होती है तो उनका कहना है कि मैं देख कर बता पाऊंगा और जबकि उनके पास आवेदन और भू अभिलेख प्राप्त हैं किंतु श्याम लाल कुशवाहा को कब न्याय मिलेगा



और आगे क्या करना होगा यह तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लेने से हो सकता है क्योंकि लालजी उर्फ लल्लू विश्वकर्मा एवं उसकी पत्नी सुनीता विश्वकर्मा जो घर बना रहा है ना उसके नाम पर जमीन है और ना ही कोई भी भू अभिलेख किंतु तहसीलदार महोदय संज्ञान क्यों नहीं ले रहे यह तहसीलदार महोदय के चरित्र को सोचने में मजबूर करता है जबकि गुनौर विधानसभा के कांग्रेश से विधायक श्री शिवदयाल बागरी जी द्वारा तहसीलदार गुनौर को फोन के माध्यम से भी आवेदक को न्याय के लिए निवेदन कर चुके हैं किंतु तहसीलदार महोदय किस दबाव में काम कर रहे हैं यह समझ से परे है। अब देखना यह है कि गुनौर विधायक श्री बागरी जी उसमें कितना संज्ञान लेते हैं और तहसीलदार महोदय द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है क्या श्याम लाल कुशवाहा को उसकी जमीन दिलवाई जाएगी या फिर सुनीता विश्वकर्मा एवं लल्लू विश्वकर्मा का घर जब बन जाएगा तब प्रशासन जागेगा।

# आउटलुक बिजनेस के चेंज मेकर 2022 बने मंजीत सिंह पटेल

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी -पिछले कुछ वर्षों से देश में किसान आंदोलन के बाद कर्मचारियों का एक आंदोलन जो पुरानी पेंशन बहाली से संबंधित है,जनक सिंह रावत ने बताया लगभग पूरे भारत में पुरानी पेंशन आंदोलन सुर्खियों में है। आज देश में तकरीबन 80 लाख कर्मचारी ऐसे हैं जो वर्ष 2003 के बाद या तो केंद्र सरकार में या अलग अलग राज्यों में सरकारी नौकरियों में आए हैं। 2003 के बाद सरकारी नौकरियों में आए इन कर्मचारियों को एनपीएस कर्मचारियों के रूप में जाना जाता है क्योंकि वर्ष 2004 से केंद्र में और उसके बाद अलग अलग समय पर राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था की जगह एनपीएस यानी न्यू पेंशन स्कीम/नेशनल पेंशन स्कीम के नाम से जाना जाता है। अलग अलग राज्यों में जब इस नई व्यवस्था के तहत एनपीएस कर्मचारी दस,पंद्रह वर्षों की नौकरियों में रिटायर होने लगे तो उनकी एनपीएस में पेंशन महज दो,चार सौ रुपए से लेकर तीन, चार हजार रुपए तक बननी शुरू हुई। जिसके विरोध में अलग अलग राज्यों से आवाजें उठने लगीं। ऐसे ही दिल्ली से आंदोलन को लीड करने वाले नेता है और कर्मचारियों के इस आंदोलन को वर्ष के इंपैक्ट पैदा करने वाले इश्यू के रूप में तवज्जो दी है। आज यह आंदोलन केरल,



डा. मंजीत सिंह पटेल को इस वर्ष आउटलुक बिजनेस मैगजीन ने अपने 22 चेंज मेकर्स में से एक के रूप में कवर पेज पर स्थान दिया तमिलनाडू, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा को छोड़कर लगभग पूरे भारत में अपने पैर पसार चुका है। पेशे से शिक्षक, पटेल मुख्य रूप से दिल्ली यूनियन टेरिटरी में स्वायत्त बोर्ड में सेवाएं दे रहे हैं और इसके पहले इस आंदोलन में सर्वप्रथम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आंदोलन के समर्थन में लाने और दिल्ली विधान सभा से पुरानी पेंशन बहाली के प्रस्ताव को पास करवाने के लिए की मैन के रूप में पहचाने जाते हैं। ÷पटेल÷ इस आंदोलन को भारत के केंद्रीय कर्मचारियों के तमाम विभागों से लेकर विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत में प्रसारित करने के लिए विख्यात हैं। अभी हाल ही में असम, अरुणाचल और सिक्किम के बाद उन्होंने सुदूर मेघालय में भी कर्मचारियों को संगठित किया है। सिक्किम सरकार ने हाल ही में सिक्किम के कर्मचारियों की पेंशन बहाली के लिए कमेटी का गठन भी किया है। इससे संबंधित पटेल की मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से कुछ महीने पहले उनकी एक मुलाकात भी हुई थी। आउटलुक देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित मैगजीन में से एक है और हाल ही में उसने अपने एक संस्करण में कुछ शिक्षकों को कवर पेज पर स्थान दिया था जो काफी चर्चा में रहा था।



# धवलपुर क्षेत्र में सर्व आदिवासी समाज ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह का शहदत् दिवस

10 दिसम्बर छत्तीसगढ़ के प्रथम अमर शहीद वीर नारायण सिंह जी के शहदत् दिवस के अवसर पर दिनांक 11 दिसंबर 2022 को आदिवासी विकास परिषद् धवलपुर क्षेत्र ने शहीद वीर नारायण सिंह जी की शहादत दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय नेताम उपाध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, विशेष अतिथि लोकेश्वरी नेताम कृषि सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, चंदा बारले वन सभापति जनपद पंचायत गरियाबंद अध्यक्षता कन्हैया लाल ठाकुर सर्व आदिवासी विकास परिषद् धवलपुर क्षेत्र, नरेन्द्र ध्रुव सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद युवा प्रभाग अध्यक्ष, गुजरात कमलेश, उपाध्यक्ष , नारद ध्रुव सरपंच धवलपुर डीह, बिम्बेश्वरी ठाकुर सरपंच जंगल धवलपुर, महेन्द्र नागेश सरपंच मोहदा, कीर्ति कपिल सरपंच घटोद, राम सिंह नेताम जनपद सदस्य जनपद पंचायत गरियाबंद, भूप सिंह कपिल, रामेश्वर कपिल, लखन कुंजाम, गीता राम मरकाम, नुतन मरकाम, एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित होकर शहादत दिवस समारोह को सफल बनाया।
सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं शिक्षा के क्षेत्र मे होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले सभी बाल्य कलाकारों को भी सम्मानित किया गया, ये सम्मानित हुए आश्रम शाला धवलपुर, ग्राम कारी डोंगरी, ग्राम मरदाकला, ग्राम बेगरपाला, ग्राम घटोद, ग्राम चिंदाभाटा, ग्राम कामेपुर, ग्राम मोहदा, ग्राम दबनई ग्राम जंगल धवलपुर। इस कार्यक्रम में श्री दुर्योधन मरकाम सिवचरण दीवान ,हीरालाल कुंजाम रितेश नेताम चंदन नागेश गैंदलाल दीवान नेपाल सोरी ललित मरकाम का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल खोड़ के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया सुघोष मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम




**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर,** खोंड़ भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति के अनुरूप एवं श्रीमंत महाराज यशोधरा राजे सिंधिया जी के आदेश अनुसार एवं जिला अध्यक्ष श्री राजू बाथम जी के निर्देशन में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री केरन सिंह लोधी एवं विधायक प्रतिनिधि श्री बृजमोहन निगोती के द्वारा कार्यक्रम किया गया, जिसमें, सर्वप्रथम भाजपा के महापुरुषों के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर तिलक बंधन कर माल्यार्पण किया गया ,जिसमे प्रशिक्षण वर्ग में पधारे जिले से प्रशिक्षित करने वाले मनीष अग्रवाल जी, आईटी प्रभारी गणेश धाकड़ जी, आकाश गर्ग, अमन मिश्रा जी, व्यास जी ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की , नीतियों के बारे में एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में एवं , गूगल फॉर्म अटेंडेंस एवं पार्टी में आईटी का क्या महत्व है इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की एवं कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को महामंत्री महेश परिहार एवं कार्यालय मंत्री राजकुमार लोधी द्वारा पार्टी में हमें कैसे काम करना है और पार्टी की रीति नीति के बारे में बताया गया एवं कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई इस कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता गण मंडल अध्यक्ष श्री केरन सिंह लोधी जी, विधायक प्रतिनिधि श्री बृजमोहन निगोती जी मंडल महामंत्री महेश परिहार गणेशखेड़ा, अभिषेक बरसैया, कार्यालय मंत्री राजकुमार लोधी जी, सह प्रचार मंत्री ओमप्रकाश लोधी जी, श्री रामप्रकाश लोधी सरपंच गणेशखेड़ा, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल भार्गव, जनपद सदस्य- कप्तान परिहार, सहदेव लोधी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिशुपाल परिहार, शिवाजी राजा चौहान, सोभरन लोधी, नरेंद्र लोधी, संजीव लोधी, बलबीर लोधी, अरुण परिहार ,दिमान सिंह परिहार ,जीवन लाल लोधी तुलाराम लोधी , राजेश लोधी, आबिद खान ,पहार सिंह परिहार, चंद्रभान पाल, रमाशंकर लोधी, सत्यम तिवारी, पुष्पेंद्र लोधी जी, पंकज लोधी, दिमान सिंह लोधी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर परिषद् रन्नौद में अधिकारियों की मनमानी

**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**



वार्ड क्रमांक 13 में निवास करने वाली खुशबू पारदी के पति गब्बर पारदी की मौत लगभग चार पांच माह पहले कुएं में गिरने से हुई थी जिसका प्रमाण पत्र आज तक नहीं बना है खुशबू पारदी लगातार नगर परिषद् कार्यालय पटवारी तहसील कार्यालय में चक्कर लगा रही है तहसीलदार द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन पर साइन नहीं किए जा रहे जिससे कि वह उसे लोकसेवा माध्यम से ऑनलाइन जमा करा सके और अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा सके एक ओर जहां प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान सुसासन व्यवस्था में लगे हैं और जिलों में दौरा कर आम जन को योजनाओं का लाभ दिलाने संकल्पित है दूसरी ओर अफसर शाही हावी है।

# स्कूलों का संचालन नियमित होः विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

## शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में सुनिश्चित होः बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार जनशिक्षा केन्द्र अगरा, अटलपुर, बदरवास के संस्था प्रभारीयों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन समयसीमा में सूनिश्चित हो,के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में स्कूलों के नियमित संचालन, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा छात्र उपस्थिति बड़ाने के संबंध में निर्देश दिए गए । विकासखण्डा शिक्षा अधिकारी ए.के. रोहित के अनुसार शिक्षा पोर्टल पर स्तर 2022-23 हेतु प्रोफाईल अपडेशन और मेपिंग का कार्य शत प्रतिशत कराकर सोमवार को प्रतिवेदन जमा करेगें। साथ ही साथ छात्रवृत्ति के जो फेल्ड अकाउंट है उनको शतप्रतिशत ठीक कराकर प्रमाणिकरण जमा करेगें। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र के पालन में टीचर रिसोर्स पैकेज के तहत टेवलेट क्रय की कार्यावाही समय सीमा में सुनिश्चित करेगें । ऑनलाईन पोर्टल पर प्रश्न निर्माण की कार्यावाही सुनिश्चित करें। छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने पर निर्धारित फॉर्मेट पर जानकारी जमा करना है। विकासखण्ड बदरवास की शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति को लेकर स्थिति अच्छी नही है प्रतिदिन



उपस्थिति लगावे। आई.व्ही.आर.एस की एंट्री प्रतिदिन 15544 पर एस एम एस के माध्यम से करें । राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र के पालन में प्रश्नन मंच हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान ऑलम्पियाड का आयोजन किया जाना है इस हेतु विकासखण्ड स्तर पर शिक्षकों द्वारा छात्रों के रजिस्ट्रेशशन किया जाना है।वर्तमान में इसकी स्थिति बहुत खराब है दो दिवस में रजिस्ट्रेशन पूर्ण करें। कक्षा 5 और 8 की रजिस्ट्रेशन की स्थिति भी शर्मनाक है दो दिवस में पूर्ण कर लें। पीएमश्री योजना के तहत संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाना है एवं जन शिक्षक द्वारा भौतिक सत्यापन की कार्यावाही समय सीमा में पूर्ण करें। वीर बाल दिवस का आयोजन श्री गुरू गोविंद सिंह की जयंती के उपलक्ष में 19 से 24 दिसम्बर में होगा। जिसमें उनके पुत्र जोराबर सिंह और फतेह सिंह को लेकर चर्चा करें एवं कक्षा 1 व 2 में अध्ययन कराने वाले शिक्षक एफ एल एन का अभिलेख संधारित करें। बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर द्वारा दिए गए अपने उद्बोंधन में स्कूलों का संचालन नियमित न होने पर संस्था प्रभारीयों के साथ साथ जन शिक्षकों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जावेगी।शासन की योजनाओं के अनूरूप समस्त कार्य समय सीमा में पूर्ण करेंगे। बैठक का आयोजन मॉडल स्कूल में किया गया।बैठक को बीएसी गोपाल जाटव द्वारा भी संबोधित किया गय।जन शिक्षक कुलदीप ग्वाल, उग्रसेन रघुवंशी और अरविन्द्र कुशवाह उपस्थित एवं समस्त माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रभारी उपस्थित थे।

# जिला बदर सटोरिया जुगल किशोर खचेरा की पुलिस द्वारा निकाला गया बीच शहर मैं से जुलूस

**अनिल कुशवाह प्रभारी, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** जिले के फिजिकल थाना से है जहां पुलिस ने सोमवार को जिलाबदर सटोरिए जुगल किशोर खचेरा को गिरफ्तार किया पुलिस ने सटोरिए को गिरफ्तार कर जुलूस निकालते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है. शिवपुरी एसडीओपी अजय भार्गव ने बताया कि अवैध रूप से सट्टे का कारोबार करने वाले जुगल किशोर खचेरा को



फिजिकल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसडीओपी ने बताया कि कलेक्टर द्वारा आरोपी को जिला बदर करने की कार्यवाही की गई थी. जिसका आरोपी ने उल्लंघन किया वहीं आरोपी पर एक चेक बाउंस के मामले में भी गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था.

# कैलारस थाने की उप निरीक्षक ने छात्राओं को गुड टच बैड टच एवं सायवर से संबंधित छात्राओं को दी जानकारी

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस।** ऊर्जा डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक प्रीति जादौन ने कोचिंग एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पर पहुंचकर छात्राओं को गुड टच एव बैड टच एव सायवर से संबंधित जानकारी ली वहीं उन्होंने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि आपको अगर गलत तरीके से कोई टच करता है तो उसकी तुरंत जानकारी अपने माता-पिता को दें एवं उसके खिलाफ कार्रवाई करवाएं वही आपको कोचिंग या स्कूल जाने में कहीं कोई समस्या आती है यह कोई परेशान करता है इस संबंध में अपने माता-पिता को अवगत कराएं और आप लोग मेरे नंबर पर मुझे फोन लगाएं में आपकी जो भी समस्या होगी समाधान करूंगी आप लोगों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दूंगी क्योंकि किसी भी डर के कारण आप लोगों को अपनी शिक्षा बंद नहीं करनी है आपके स्कूल या कोचिंग के आसपास कोई भी परेशान करता है इसकी जानकारी अपने शिक्षक एवं माता-पिता मेरे मोबाइल नंबर पर मुझे दें आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा एवं उस व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी एवं ज्यादा देर तक आप लोग मोबाइल ना चलाएं एवं अपनी पर्सनल डिटेल मोबाइल पर किसी को ना दें जिससे कि उसका कोई गलत उपयोग कर सकें अगर आपके मोबाइल पर गलत फोन



या कोई अन्य मैसेज आते हैं तो उसकी जानकारी अपने परिजनों एवं पुलिस को सूचना दे बच्चियां हर क्षेत्र में अपना एवं अपने माता पिता और शिक्षकों का नाम रोशन कर रही है मैं भी आपसे चाहती हूं कि आप लोग भी अपने गांव अपने शहर एवं अपने जिले का नाम रोशन करें किसी न किसी क्षेत्र में आप लोगों को अगर मेरी मदद की आवश्यकता पड़ती है तो कभी भी मुझे आप फोन लगाकर या थाने पर आकर अपनी समस्या एवं सहयोग संबंधी बात कर सकती हैं मैं भी आप की तरह बेटी हूं संघर्ष करके आज इस मुकाम तक पहुंची हूं आप लोग भी मेरी निडर हो कर मुकाम हासिल करें मैं चाहती हूं कि आपके विद्यालय में आई हूं इसी तरीके से मैं आप भी किसी न किसी पद पर पहुचकर अपने माता पिता का मान एवं सम्मान बढ़ाएं हमेशा मेरे माता पिता को मेरी चिंता रहती थी एवं हर बेटी के माता-पिता को अपनी बेटीयो की चिंता रहती है वहीं उन्होंने कस्तूरबा छात्रावास का निरीक्षण किया एवं छात्रावास प्रभारी लता धाकड़ से जानकारी ली वहा उपस्थित छात्राओं ने उन्हें कुछ समस्याएं बताएं तो उन्होंने कहा कि मैं वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर यहां पर स्कूल इस समय पुलिस पेट्रोलिंग करवाने की व्यवस्था करूंगी एवं समय-समय पर आप लोगों से आकर यहां चर्चा करूंगी आप निश्चिंत रहे एवं कोचिंग और स्कूल के आसपास घूम रहे लोगों से पूछताछ की एवं हिदायत दी आज के बाद कोचिंग एवं स्कूलों के आसपास नजर नहीं आना चाहिए नहीं तो आप के खिलाफ कार्यवाही की जाएग। बही उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक देव सिंह, आरक्षक हिमानी राजावत, नगर रक्षा समिति रघुनंदन धाकड़ सहित स्कूल स्टाप मौजूद रहे।

# गरीबों के हक पर डाला जा रहा है डाका

**महेंद्र रजक रिपोर्टर पिछोर**




**शिवपुरी /पिछोर।** पिछोर अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवां में गरीबों के हक का राशन छीना जा रहा है जिसमें हितग्राही द्वारा बताया गया कि हमारे लिए हर माह कम राशन दिया जा रहा और राशन की पूरी सामग्री कभी भी उपलब्ध नहीं होती 6 माह से नमक और 2 साल से शक्कर और कुछ दिनों पहले चना आया था बो भी नहीं दिया गया है हितग्राहियों का मशीन में फिंगर लगवा कर पूरा का पूरा राशन निकाल लेते और देने के नाम पर कम बता कर राशन पूरा देने से इंकार कर देते है प्रति सदस्य पर 2 किलो राशन कम दे रहे हैं इससे अनुमान लगाया जाए तो 140 राशन कार्डों के अंतर्गत 620 सदस्य हैं ( जानकारी विक्रेता के अनुसार) इस हिसाब से 12 कुंटल 40 किलो राशन हितग्राहियों को इस माह कम दिया गया है। हितग्राहियों का आरोप है कि सेल्समैन द्वारा डरा- धमकाकर हमारे लिए पूरा राशन नहीं देते और सेल्समैन कहता है जो दिखे वह करो मैं सब देख लूंगा। हितग्राहियों का कहना है कि उचित अधिकारी को भी हम इस बारे में अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।

## इनका कहना है

1.यह जानकारी आपके द्वारा मुझे प्राप्त हुई है इसकी हम जांच करवाते हैं उसके बाद ही कार्रवाई करेंगे

**अभिषेक दुबे**
**फूड इंस्पेक्टर, पिछोर**

2. हम इसकी जांच करवाते हैं।

**विजेंद्र सिंह यादव**
**अनुविभागीय अधिकारी पिछोर**

3. नियम अनुसार सीएम और पीएम की ओर से कुल राशन प्रति सदस्य 10 किलोग्राम देना चाहिए लेकिन हम उसे 8 किलोग्राम प्रति सदस्य को वितरण कर रहे हैं ।

**विक्रेता शासकीय उचित मूल्य की दुकान भगुवा**
**जशरथ सिंह लोधी**

# जिम्मेदार अधिकारी मौन अवैध रेत खनन माफियाओं के हौसला बुलंद

**संवाददाता हरिओम परिहार**

**पिछोर।** अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर



बना अवैध रेत माफियाओं का गढ़ अवैध रेत माफियाओं का दबदबा इस कदर ग्राम पंचायत बीरपुर में चला रहा है जिसकी कोई सीमा नहीं है अवैध रेत माफियाओं को नाही तो किसी बात का डर है और नाही भय है दिनदहाड़े अवैध रेत माफिया

### जिम्मेदार अधिकारी मौन अवैध रेत खनन माफियाओं के हौंसला बुलंद

ट्रैक्टरों से अवैध रेत खनन करते हुए अवैध रेत माफियाओं का यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा है लेकिन संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे और चुप्पी साधे बैठे हुए हैं अवैध रेत माफियाओं का यह सिलसिला बरकरार है लेकिन अवैध रेत माफिया रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं शासकीय भूमि पर ताबड़तोड़ उत्खनन का हो रहा है जबकि यह सिलसिला विगत महीनों से चल रहा है और संबंधित अधिकारी मोन है इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इसमें संबंधित अधिकारी की मिलीभगत हो सकती है।

**इनका कहना है**

आप इसकी जानकारी माइनिंग विभाग को दें मैं भी इस पर कार्रवाई करूंगा।

**तहसीलदार अखिलेश शर्मा**



# लाइट फाल्ट होने से घर में लगी आग लाखों का नुकसान

**पुष्पांजलि टुडे से संवाददाता**
**विशाल सिंह की रिपोर्ट**

पिछोर भौंती थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भयावन में रात के समय लाइट फॉल्ट होने से घर में आग लग गई जिससे घर में रखा सारा सामान पूरी तरह से जल गया (एलईडी, फ्रेज बोसिंग मशीन, दो मोबाइल) एवं किसान ने जो मूंगफली की फसल बेच के रखा एक लाख रुपया जलकर खाक हो गया एवं घर में रखा सामान पूरी तरह से जल चुका है जानकारी के अनुसार कृषक का नाम अरविंद लोधी सन ऑफ रमेश चंद्र लोधी बताया जा रहा है। अवैध रेत खनन का अड्डा बना ग्राम पंचायत बीरपुर दिनदहाड़े ट्रैक्टरों से अवैध रेत खनन करते हुए अवैध रेत माफिया जिम्मेदार कौन।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में कृषक अपना बैंक खाता से आधार नम्बर शीघ्र लिंक करायें: विजय दैपुरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने जिले के समस्त कृषकों से कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सभी कृषक अपना बैंक खाता अपने आधार नम्बर से यथाशीघ्र लिंक करा लें। बैंक खाते से आधार नम्बर लिंक न होने की स्थिति में आगामी किश्तों का भुगतान नहीं हो पायेगा। मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री दैपुरिया ने कहा कि जिले में कुल 1 लाख 67 हजार 307 आधार प्रमाणित कृषक हैं जिनमें से 41 हजार 871 कृषकों ने आधार नंबर अपने बैंक खाते से लिंक नहीं कराया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत जिन कृषकों ने अपनी ई-केवायसी नहीं करवाई है, वे भी यथाशीघ्र नजदीकी सीएससी सेन्टर एवं अपने मोबाइल से ओटीपी के माध्यम से ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आगामी किश्तों का भुगतान नहीं हो पायेगा। जिले में कुल 1 लाख 77 हजार 644 पात्र कृषक हैं जिनमें से 14 हजार 500 कृषकों द्वारा ई-केवायसी नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अपना बैंक खाते से आधार नंबर शीघ्र लिंक करा लेंगे तो ऐसे किसानों को इनके इसका लाभ मिल जाएगा जिला प्रशासन ने इसकी पूर्ण व्यवस्थाएं की हैं ईद निर्धारित सीएससी सेक्टर पर पहुंचकर अपने मोबाइल से ओपीडी के माध्यम सीकेवाईसी कराना सुनिश्चित करें और योजना का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्षों से भी आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के किसान भाइयों का आधार नंबर लिंक कराने के लिए उनका सहयोग प्रदान करें ताकि इस योजना का लाभ मिले और उनके खाते में सम्मान राशि उनके खाते में पहुंच सके।

# घायल गौवंश का उपचार करवाते हुये आगरा जिला क्रीड़ा भारती के सह.प्रचार प्रमुख देवेंद्र जादौन

**दुर्घटना में घायाल गौवंश का करवाया उपचार**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**आगरा।** आज सुबह क्रीडा भारती के आगरा जिला सह प्रचार प्रमुख देवेन्द्र जादौन को एक गौवंश के घायल होने की सूचना फोन के माध्यम से सुबह 8 बजे मिली। तब देवेन्द्र जादौन ने उक्त ब्लॉक से संभधित पशु चिकत्सा अधिकारी को घटना से अवगत कराया। तब डॉ साहब ने आनन भानन में बिना कोई देरी किये ब्लॉक स्तर से योग्य चिकत्साकों को घायल गौवश के उपचार हेतु मोके पर भेजा और उपरोक्त चिकत्साकों ने घायल गौवंश का उपचार किया। साथ ही आगे भी उपचार करने का आश्वासन दिया। आपको अवगत कराते चले कि जिला क्रीड़ा भारती के सहप्रचार प्रमुख देवेन्द्र जादौन वर्तमान में एक समाचार के उत्तर प्रदेश समाचार संपादक हैं। साथ ही देवेन्द्र जादौन ने शामसाबाद पशु चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी.के.चोधरी दिनेश रघुवंशी, डॉ सलीम खान,अनिल कुमार, डॉ पावन जादौन, डॉ भूपेंद्र सिंह के साथ क्षेत्रीय लोगों में से शैलेन्द्र सिंह, नाथूराम बंटी फौजी, मोहन माहौर आदि को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग दिया।



## फिया फाउंडेशन ने चलाया महिलाओं ओर किशोरियों के खिलाफ

# जेंडर आधारित हिंसा खात्मे के लिए 16 दिवसीय अभियान

**सीहोर।** फिया फाउंडेशन द्वारा इछावर ब्लाक के फांगिया, धाईखेड़ा कुड़ी, गादिया, लोहापठार, ढावला,अलीपुर, बालोडीया ग्राम पंचायत में 16



दिवसीय अभियान महिलाओ ओर किशोरियों के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा के खात्मे के लिए चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगो में लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

इस अभियान में समाज के सभी वर्गों के हितधारकों की सहभागिता रही। पूरी दुनिया में महिलाओ के प्रति हिंसा के मामले कम नहीं हो रहे है। कोई भी राज्य क्षेत्र समुदाय ऐसा नहीं है जहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटना ना हो रही हो। घर हो या ऑफिस हर जगह महिलाओं के प्रति भेदभाव और उत्पीड़न के मामले देखे जाते हैं। महिलाएं और लड़कियां समाज की कुरीतियां का शिकार होती जा रही हैं। चाहे वह घरेलू हिंसा हो या शारीरिक या मानसिक यातनाएं। इसी भेदभाव को कम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2009 में हर महीने की 25 तारीख को ऑरेंज दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में घोषित किया है। इस अभियान की शुरुआत 25 नवंबर से शुरू होकर 10 दिसंबर को इसका समापन मानव अधिकार दिवस पर होगा। अभियान में नारंगी रंग की प्रधानता रखी गई है। 16 दिन के अभियान में फिया फाउंडेशन द्वारा इन ग्राम पंचायतों के ग्रामों में महिलाओं, किशोरियों के साथ बैठक कर नारंगी दिवस मनाया गया । फिया फाउंडेशन प्रदेश परियोजना समन्वयक बैलू जार्ज जी एवं पल्लव जी के मार्गदर्शन में ब्लॉक समन्वयक संतोषी गोहिया एवं ग्राम पंचायत समन्वयक संतोष परमार, महेंद्र गोहिया, बहादुर कलमिया, रिंकू काजलिया, कल्लू सिंह, संजय बारेला, संदीप देवड़ा, श्रवण कुमार इस अभियान में शामिल रहे।

# एक्टिव आर्गनाइजेशन अवार्ड से सम्मानित हुए कृष्ण कुमार त्रिपाठी



गरियाबंद छत्तीसगढ़ में 10 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस बिलासपुर चकरभाटा में छत्तीसगढ़ मानव अधिकार जन जागरण फाउंडेशन के द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम रखा गया था जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से समस्त पदाधिकारी प्रभारी एवं सदस्य उपस्थित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सत्र न्यायाधीश गणेश वर्मन, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व न्यायाधीश माननीय एन.डी. एक्का एवं संस्थान प्रमुख सी एस चौहान एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रदेश महासचिव ए आर साव एवं प्रदेश के सभी जिलों से सदस्य पदाधिकारी गण की उपस्थिति में जो कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के हैं उनके लिए उपहार स्वरूप अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया इसी कड़ी में संस्था मानव अधिकार जन जागरण फाउंडेशन मे मैनपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष अमलीपदर निवासी कृष्ण कुमार त्रिपाठी को एक्टिव ऑर्गेनाइजेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं उन्हें पदोन्नति कर जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाया गया जिसमें संस्था द्वारा ने उज्जवल भविष्य की कामना की एवं ढेर सारी बधाई दिया गया।

# विकलांगजनों की समस्याओं को सुनने के लिए प्रदेश सचिव ने किया उज्जैन एवं धार का जिले का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम

**पुष्पांजली टुडे**

धार। विकलांग बन्धुओ की समस्या को सुनने के लिए भिण्ड जिले से चलकर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत धार जिले के बदनावर तहसील पहुँचे प्रदेश सचिव सौरभ बघेल का बदनावर जिलाध्यक्ष प्रकाश राठौर ने फूल माला के साथ प्रथम नगर आगवन पर अपने साथियों सहित किया भव्य स्वागत, इस स्वागत की कड़ी मै बदनावर नगर भाजपा अध्यक्ष अक्षय शर्मा जी एवं पत्रकार गणेश जी ने भी अतिथि देवो भव~की परम्परा निभाई और प्रदेश सचिव का पुष्प माला से स्वागत किया। प्रदेश सचिव ने बताया की उज्जैन धार एवं इंदौर जिलों मै प्राइवेट बसों मै जो 50त्न किराये की छूट शासन के अनुसार विकलांग जन को दी गयी है उस नियम को तीनों जिलों मै बस कंडेक्टर साहब नही मान रहे है स्वयं प्रदेश सचिव ने उज्जैन से धार जिले की यात्रा की क्क द्म यादव ट्रेवल्स के माध्यम से तो उन्होंने बताया की जब यात्रा के दौरान बस कंडेक्टर साहब से कहाँ की प्राइवेट बस मै किराया 50त्न छूट मप्र शासन के तहत विकलांग जनों को मिल रही है तो कंडेक्टर साहब का कहना था की ये छूट हमारी बसों मै नही चलती है ना हमारे बस मालिक ने बताया है तब प्रदेश सचिव ने कहा की हम आर. टी ओ साहब से बात करें तब कही जाकर उनका 50त्न किराया माड़ किया गया। प्रदेश सचिव का कहना था की मप्र मै अभी




कुछ ही जिलों मै नाममात्र विकलांग जन की निशक्तजन भर्ती हो रही है उस कड़ी मै धार जिला भी है धार जिला के विकलांग बल की इकाई के सदस्यों ने प्रदेश सचिव को अवगत कराया की धार जिले मै अभी कोई विशेष विकलांग जन भर्ती नही हुई ना ही विकलांग जन को स्वरोजगार हेतु लोन उपलब्ध कराया गया इस प्रकार बदनावर नगर के विकलांग बन्धुओ ने प्रदेश सचिव को अनेको समस्याओ से अवगत कराया इस अवसर पर प्रदेश सचिव ने शासन प्रशासन को सचेत किया अगर हम विकलांग जनों की समस्याओं को नही सुना जाता है तो हम भी अपना हक मांगना जानते है आगामी कुछ महीनों मै चुनाव है जो पार्टी हमारा सहयोग करेंगी हम उसका पूरी शक्ति 52 जिलों के करीब तीस लाख विकलांग बन्धु के साथ उक्त पार्टी सहयोग करेंगे प्रदेश सचिव का कहना है की जिस प्रकार कॉग्रेस पार्टी ने मध्यप्रदेश मै दिव्यांग प्रकोष्ठ का एक वर्ष पूर्व कर दिया है उसी प्रकार बीजेपी भी मध्यप्रदेश मै विकलांग प्रकोष्ठ का गठन करें, प्रदेश सचिव का कहना है की हमने बीजेपी के बहुत से मंत्री महोदय जी को इस विषय के बारे मै ज्ञापन दिये लेकिन अभी तक हम विकलांग जन का बीजेपी मै विकलांग प्रकोष्ठ का गठन नही किया गया है। इस कार्यक्रम मै मुख्य रूप से उपस्थित रहे विकलांग बल धार जिलाध्यक्ष प्रकाश राठौर सतीश सिंह गणेश चकी बाले नेन्दालाल गणेश चावला मदन शिक्षक भारत मनोज कवि अक्षय शर्मा आदि।

# अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज

**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

के राष्टीय अध्यक्ष कप्तान सिंह सहसारी एवं राष्टीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता देवेंद्र सिंह शिक्षक निवाड़ी ने आगामी तीन दिवसीय 27,28 एवं 29 दिसंबर गढ़ कुंडार महोत्सव महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती समारोह के संबध में जानकारी दी सर्व प्रथम गढ़कुंडार जनक युग पुरुष स्वर्गीय श्री उदय सिंह पिंडारी जी के अथक प्रयासों से वर्ष 2006 में तत्तकालीन भाजपा राष्टीय अध्यक्ष माननीय राजनाथ सिंह जी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 27 28 एवं 29 दिसंबर गढ़कुंडार महोत्सव मप्र सरकार से आयोजित कराने की घोषणा की तथा गढ़कुंडार दुर्ग के जीर्णोद्धार हेतु 02 करोड़ 45 लाख रूपयों की सौगात देकर खंगार क्षत्रिय समाज का मान सम्मान बढाया समाज हमेशा ऋष्टी रहेगा इस कार्यक्रम के सहयोगी रहे तत्तकालीन विधायक श्री के के श्रीवास्तव टीकमगढ़ एवं वर्तमान विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन जी के योगदान की सराहना की,, हाल ही में एक ओर सौगात मप्र सरकार ने कक्षा आठवीं की सहायक वाचन में महाराजा खेत सिंह खंगार जी के जीवन परिचय को शामिल कर दी गई । आगामी गढ़कुंडार महोत्सव में क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस वर्ष गढ़ कुंडार महोत्सव के जनक स्वर्गीय उदय सिंह पिंडारी जी के आकस्मिक निधन से समाज को गहरा आघात पहुंचा क्योंकि गढ़ कुंडार महोत्सव को शुरू कराने का श्री अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज के राष्टीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय श्री उदय सिंह पिंडारी जी को ही जाता है। इस वर्ष गढ़ कुंडार महोत्सव जैसे बट वृक्ष कुछ सीचने का जैसे पुनीत कार्य करने का मौका हम लोगों को मिला गढ़कुंडार महोत्सव को भव्यता दिव्यता प्रदान करने की संपूर्ण कोशिश समाज बंधुओं की तो रहेगी साथ में क्षेत्रवासियों शासन प्रशासन का भी भरपूर सहयोग रहेगा। इस वर्ष भी मप्र शासन के संस्कृति संचनालय द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा समाज के द्वारा तीन दिन निशुल्क भोजन भंडारे आयोजित होगे प्राकृतिक वातावरण,मेला महोत्सव महाराजा खेत सिंह जयंती समारोह में देश के कौनै कौनै से लाखो की संख्या में लोगों के आने की संभावना बनी हुई है।

गढ़कुंडार के बारे में रोचक जानकारियां।

**गढ़कुंडार दुर्ग**

**परिचय**–मध्य भारत के मध्य प्रदेश में राज्य के सीमावर्ती जनपद निवाड़ी में मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम में विंध्य पर्वत श्रृंखला की एक पहाड़ी के शिखर पर सुशोभित है ÷गढ़कुंडार दुर्ग÷। यह दुर्ग उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख रेलवे स्टेशन वीरांगना लक्ष्मीबाई नगर (झांसी) से मात्र 75 किलोमीटर दूर सड़क मार्ग पर पश्चिम दिशा मे अवस्थित है।इसका नजदीकी रेलवे स्टेशन निवाड़ी है जो झांसी मानिकपुर रेलवे लाइन पर स्थित है जहां से मात्र 25 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण गढकुंडार दुर्ग स्थित है जो अपने निर्माण कौशल एवं अनुपम संरचना को अपने आप में संजोए है सुरक्षा की दृष्टि से इसकी स्थापना अद्वितीय है क्योंकि इस दुर्ग को 12 किलोमीटर दूर से भी अपनी नग्न आंखों से देखा जा सकता है, किंतु जैसे-जैसे दुर्ग के नजदीक पहुंचते जाते हैं वह दृष्टि से ओझल होता जाता है, इस दुर्ग से जुड़ी लोक कथाएं एवं इतिहास यहां जन-जन में प्रचलित है आम जनमानस से लोकगायन द्वारा सुना जा सकता है।

**दुर्ग का नामकरण( व्युत्पत्ति )**– यह दो शब्दों गढ एवं कुंडार से बना है गढ का शाब्दिक अर्थ किला है, कुंडार शब्द में भी दो शब्दों का मिश्रण है कुंड एवं आर, कुंड का आशय जलाशय से है,तथा आर शब्द खंड अर्क( सूर्य ) का बोध कराता है ज्ञातव्य है कि दुर्ग के पास स्थित एक पहाड़ी में आज भी एक जलकुंड है जिसमें 12 मास जल उपलब्ध रहता है पठार के ऊपर अवस्थित होने के बावजूद इसका जल कभी नहीं सूखता है इसी कुंड के निकट ही इस दुर्ग (किला) के निर्माता महाराजा




खेत सिंह खंगार ने खंगार क्षत्रिय वंश की कुलदेवी ÷गजानन माता÷ का मंदिर निर्माण कराया था जल कुंड एवं गजानन माता के दर्शन के संबंध में इस क्षेत्र में एक जनश्रुति प्रचलित है,कि इस कुंड के जल से स्नान करने के बाद माता गजानन के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने से सभी प्रकार के चर्म रोगों से मुक्ति तो मिलती ही है साथ में मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। इस कुंड में निरंतर सूर्य की किरणें सीधे पड़ती हैं इसलिए इसे ÷सूर्य कुंड÷ भी कहा जाता है इसी जलकुंड के निकट दुर्ग बनवाये जाने के कारण ही इस दुर्ग का नाम ÷गढ़कुंडार÷ पड़ा है।

**दुर्ग का इतिहास**– गढ़कुंडार का किला सन 1182 के पूर्व चंदेल शासकों की ÷जिनागढी÷ के नाम से एक गढी चौकी के रूप मे अवस्थित था। जिसमें शिवा परमार चंदेलो के सामंत के रूप में सैनिकों के साथ रहता था। सन 1182 में दिल्ली अधिपति पृथ्वीराज चौहान ने महोबा के चंदेल शासक परमर्दिदेव पर आक्रमण किया था। दोनों राजाओं की सेना के मध्य बैरागढ़ (उरई) नामक स्थान पर भयंकर युद्ध हुआ और उसमे चंदेल राजा परमर्दिदेव का पुत्र ब्रह्मर्दिदेव सेनापति ऊदल,मलखान,अभई आदि वीरगति को प्राप्त हुए, पराजय सुनिश्चित मानकर चंदेल राजा परमर्दिदेव 10000 सैनिको तथा वीर सेनानायक आल्हा के साथ कालिंजर पलायन कर गये तत्पश्चात पृथ्वीराज के समक्ष समर्पण करते हुए संधि प्रस्ताव भेजा,जिसे पृथ्वीराज चौहान ने स्वीकार करते हुए दशार्ण (धसान) नदी के दक्षिण का भाग अपने सेनापति खेत सिंह खंगार को सौंप दिया तथा उत्तर का भाग परमर्दिदेव चंदेल को वापस कर दिया तब पृथ्वीराज चौहान के सेनापति खेत सिंह खंगार ने अपने राज्य की राजधानी ÷जिनागढ़ी÷(वर्तमान गढकुंडार)में बनाई तथा वहां एक सुदृ? एवं अद्भुत किले का निर्माण कराया तथा निकटवर्ती पहाड़ी में जल कुंड के निकट अपनी कुलदेवी मां गजानन माता का मंदिर बनवाया, सूर्य कुंड के आधार पर नवनिर्मित दुर्ग का नाम ÷गढ़कुंडार÷ दिया गया। सन् 1192 में तराइन युद्ध में पृथ्वीराज चौहान की पराजय के पश्चात गढ़कुंडार में खंगार वंश ने खंगार शासनकाल के जुझौति खंड में अपनी स्वतंत्र हिन्दू सत्ता स्थापित कर ली, खंगार शासक जुझौतिखंड में विदेशी आक्रांताओं को मुंह तोड़ जवाब देते रहे। सन् 1202 ई. मे कुतुबुद्दीन ऐबक ने कालिंजर/महोबा में आक्रमण कर दिया जिसमें चंदेल शासक परमर्दिदेव की पराजित होकर मृत्यु हो गई परिणाम स्वरूप खंगार वंश की सत्ता का प्रभाव पुनः महोबा एवं कालिंजर तक हो गया, सन् 1212 में महाराजा खेत सिंह खंगार की मृत्यु के पश्चात 1347 तक 5 पीढ़ियों ने गकुंडार मे शासन किया। सन् 1347 मे मुहम्मद तुगलक द्वारा गकुण्डार के खंगार शासक राजा मान सिंह के समक्ष उनकी कन्या केशर दे से शादी का प्रस्ताव रखा गया। जिसे राजा मानसिंह खंगार ने धर्म ओर क्षत्रित्व की रक्षार्थ अस्वीकार कर दिया, परिणामस्वरूप सन् 1347 में मुहम्मद तुगलक ने गकुंडार पर आक्रमण कर दिया पक्षद्रोहियों के भितरघात से राजा मानसिंह पराजित हुए तथा गकुडार मे खंगार सत्ता का अन्त हो गया। मोहम्मद तुगलक ने सन् 1347 ई. मे गकुडार की सत्ता को बुन्देलो को सौंप दिया सन् 1535 तक गकुंडार बुन्देला वंश की राजधानी रहा,और सन् 1535-39 के मध्य बुन्देलो ने ओरछा को अपनी नयी राजधानी बनाया। बुंदेलों की राजधानी ओरछा स्थानांतरित होने के बाद गढ़कुंडार में विस्मृति की धूल सदियों छाई रही

पुनः वर्ष 2006 में खंगार क्षत्रिय समाज की मांग पर तत्तकालीन मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयास से किले के रखरखाव मरम्मत एवं पुनरूत्थान का कार्य किया गया जो आज एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की कगार पर है गढ़कुंडार क्षेत्र में गिद्धवासिनी मंदिर, सिंदूर सागर तालाब, माता गजानन मंदिर, सियाजू की रावरे , औषधीय कुंड, ऊंची ऊंची हरी भरी पहाड़ियां प्राकृतिक वातावरण आदि प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं जो दिनों दिन पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं यहां प्रत्येक वर्ष महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती पर 27, 28 एवं 29 दिसंबर को गढ़कुंडार महोत्सव एवं मेला का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति संचालनालय एवं जिला प्रशासन के सहयोग द्वारा कराया जाता है। जहां संपूर्ण भारत वर्ष से महाराजा खेत सिंह खंगार के वंशज एवं क्षेत्रीय जनमानस एकत्रित होकर गौरवशाली इतिहास से परिचित होकर गौरवान्वित होते हैं,वही देशी विदेशी पर्यटक का आना जाना लगा रहता है जो महोत्सव की शोभा बढ़ाते है

**विरासत**–यहां आज भी विंध्य पर्वत की सुरम्य श्रृंखलाओं के मध्य प्राकृतिक छटा, सुंदरता, बिखरी पड़ी है जगह-जगह पुरातात्विक महत्व के स्थान एंव चिन्ह परिलक्षित है सिंदूर सागर तालाब की सी?ियों मे हिन्दू संस्कृति के अवशेष सती चीरे /जौहर के स्मृति चिन्ह बिछे प? है सिंदूर सागर तालाब का विकास कर नौकायन, जलविहार के लिए उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। लोक संस्कृति, लोक गायन एवं वादन,परंपराओं, रहन-सहन, खान-पान जैसी समृद्ध विरासत की झलक गढकुंडार में दिखाई पड़ती है यहां के विभिन्न पर्व (त्योहारों)जैसे मामुलिया, झिंझिंया,टेसू,नवरात्रि,होली फाग, दीवाली नृत्य नारे सुआटा,महालक्ष्मी पूजन आदि राष्टीय भावना से ओत-प्रोत है गढ़कुंडार मेले पर आयोजित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है देश के लाखो खंगार क्षत्रियो की आस्था एवं अस्मिता इस दुर्ग से जुड़ी होने के साथ साथ प्रकृति प्रेमी, साहित्यकार, पर्यटकों का आना जाना वर्ष भर लगा रहता है आज भी देश के कोने-कोने से खंगार क्षत्रिय वंशज एवं क्षेत्रीय जन मानस अपने विभिन्न हिन्दू संस्कारों के संपन्न कराने के लिए कुलदेवी मां गजानन की शरण में आते हैं, तथा दुर्ग की छाया में अपने अस्तित्व की सुखद अनुभूति प्राप्त करते हैं राष्टीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह सहसारी जी ने भारत सरकार से पत्राचार कर निवेदन किया है कि गढ़कुंडार के अभेद दुर्ग के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यटन हेतु हेरिटेज स्थल के रूप में विकसित करने की कृपा करे।

# मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की इंगित काव्यगोष्ठी में हुई सुन्दर रचनाओं की प्रस्तुति

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा , लश्कर, ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस इंगित काव्य गोष्ठी में कवियों द्वारा बहुरंगी काव्य रचनाओं की प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. राजरानी शर्मा ने की ।मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार राम बरन ओझा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप मिश्रा सहित सारस्वत अतिथि के रूप में विजयकृष्ण योगी मंचासीन रहे ।कार्यक्रम का संचालन राम चरण रुचिर ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों का परिचय कार्यक्रम संयोजक रामचरण रुचिर ने किया । तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना कवियत्री उमा उपाध्याय ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर कार्यक्रम संयोजक रामचरण रुचिर ने किया। काव्यपाठ के क्रम में रामलाल साहू बेकस ने कहा दर पर आए को यूं ना मना कीजिए। फ़र्ज़ जो भी हो उसको अदा कीजिए। इसी क्रम में कमला शंकर मिश्र ने कहा, हवा में पेड़ और झरने समुंदर गीत गाते हैं। प्रकृति की देखकर आभा यह भंवरे गुनगुनाते हैं। कवियत्री उमा उपाध्याय ने काव्यपाठ करते हुए कहा, हे मां ! अद्भुत ज्योति जगा कर भावों का संचार करो, शब्द शब्द अक्षत् चंदन कर वाणी का श्रृंगार करो। कवि दिनेश विकल ने कहा, कैसे हुनर बखान करूं आपने यार के। होता है खुश वो सीने में खंजर उतार के। छत पर जरूर रात आएगी चांदनी, दिन काट लो किसी भी तरह इंतजार के।
डॉ.अमित शर्मा महासमर ने काव्य पाठ करते हुए कहा, धरा चूमती उन्हें उन्हीं को गगन झुके। रहे कभी न जिनके पलभर चरण रुके। क्रम को आगे बढ़ाते हुए अमर सिंह यादव ने राष्ट्रभक्ति भाव का पाठ करते हुए कहा, शहीदों की भीड़ में जो खो गए, रीति शहादत हो कि जो बो गए। जगमोहन श्रीवास्तव ने दोहा प्रस्तुत करते हुए कहा।

**जननी भगिनी संगिनी, नारी रूप अपार।**
**तेरे आंचल में पले, ईश्वर के अवतार।।**

क्रम को आगे बढ़ाते हुए संचालन कर रहे रामचरण रुचिर ने बुंदेली रचना प्रस्तुत करते हुए कहा,

**कर लो नीको काम जतन सें,**




**मिटै बुराई मन सें।**
थोड़ौ हँस्स के नेह लगा लो, जाओ न दूर सुजन सें।

मंचासीन अतिथियों में विशिष्ट अतिथि दिलीप मिश्रा ने कहा,

**तुम कहते हो सर तन से जुदा ।**

**हम कहते हैं तुम मन से विदा।**
**तुम कहते हो मां को डायन।**
**हम कहते हैं मातृ देवी भव।**

सारस्वत अतिथि के रूप में विराजमान विजय कृष्ण योगी ने कहा है,

**आदमी की ही नजर में आदमी बस जिंदा भर है।**
**जब तक है काम उससे तब तक उसकी कदर है।**

इसके पश्चात् मुख्य अतिथि गीतकार रामबरन ओझा ने कहा

**एक दीप जलाता चल, अंधियार हटाता चल।**
**सूरज के आने तक, पथ ठीक दिखाता चल।**

कार्यक्रम की सराहना करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रोफेसर राजरानी शर्मा ने कहा मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर इंगित काव्यगोष्ठी जैसे कार्यक्रम कर बहुत ही सराहनीय, स्तरीय एवं हिन्दी सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इस संस्था ने हमें बहुत ही महान, प्रेरक अटल जी जैसे गौरवशाली परंपरा के प्रतीक प्रदान किए हैं।

**इसके साथ ही उन्होंने सुंदर गीत प्रस्तुत करते हुए कहा,**

**आज मैंने मन बुहारा**
**शब्द पातों के इकट्ठे**
**ढेर को करके किनारा**
**अनकहे अनबूझ प्रश्न**
**औ ! मौन उत्तर से सँवारा**
**दर्द की हर पर्त पर**
**धैर्य का मरहम लगाकर**
**वेदना की जिल्द बाँधी**
**सुर्ख़रू संवेदनों का जिस्म सारा।**

इसी प्रकार कार्यक्रम में अन्य कवियों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। इस अवसर पर श्रोताओं के रूप में राकेश पांडेय, दीपक कौल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक राम चरण चिराड़ रुचिर ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# मुक्त व्यापार समझौतों के लिए बेसब्री क्यों?

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस तरह के समझौतों के लिए ज्यादा उत्सुक दिखाई देती है। इस साल भारत ने दो व्यापार समझौते किए हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया के साथ हाल में हुआ है। इसके पहले यूएई के साथ ऐसा समझौता हुआ था।**

भारत में यूरोप की 6,000 कंपनियां काम कर रही हैं जो कुल मिलाकर 17 लाख लोगों को सीधे रोजगार उपलब्ध करवा रही हैं जबकि 50 लाख लोगों को परोक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है।

यूरोपीय संघ कहता है कि भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों में उसका मुख्य उद्देश्य "ठोस, पारदर्शी, खुला, भेदभाव से मुक्त" संबंध स्थापित करना है जहां यूरोपीय कंपनियों को अपने निवेश और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा मिले। ईयू कहता है, "मकसद द्विपक्षीय व्यापार और निवेश की अनछुई संभावनाओं को वास्तविकता बनाना है।"

2013 में जब भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत खटाई में पड़ गई तो उसकी वजह कुछ बड़े मतभेद थे, जिन्हें सुलझाना अब भी आसान नहीं। यूरोपीय संघ का मानना है कि भारत में व्यापारिक वातावरण बहुत ज्यादा पाबंदियों से भरा है।



अपनी वेबसाइट पर उसने लिखा है, "टेक्निकल बैरियर्स टु ट्रेड (टीबीटी), सैनिटरी एंड फाइटो-सैनिटरी मेजर्स (एसपीएस), अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा ना उतरना और भारत का कानूनी या प्रशासनिक तरीकों से भेदभाव करना जैसे मुद्दे कई क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं जिनमें सामान और सेवाओं के अलावा निवेश और सरकारी खरीद भी शामिल हैं।"

टेक्निकल ट्रेड बैरियर्स (टीबीटी) से अर्थ उन तकनीकी नियम-कानूनों और खुद तय किए गए मानकों से है जिनके आधार पर उत्पादों के रूप और आकार, डिजाइन, लेबलिंग, मार्किंग, पेकेजिंग, फंक्शनेलिटी और परफॉरमेंस आदि तय किया जाता है। एसपीएस में यह सुनिश्चित किया जाता है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और उचित उत्पाद मिलेंगे।

भारत अपने बाजार की सुरक्षा को लेकर काफी सजग रहता है। इसी कारण उसके साथ मुक्त व्यापार समझौतों को लेकर कई देशों को मुश्किल होती रही है। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार संबंधों पर काम करने वाली न्यूलैंड ग्लोबल ग्रुप की जनरल मैनेजर और पर्थ यूएसएशिया सेंटर की नॉन रेजिडेंट इंडो-पैसिफिक फेलो नताशा झा-भास्कर कहती हैं कि भारत को संरक्षणवादी देश के रूप में देखा जाता है लेकिन उसकी वजहें भी हैं।

वह कहती हैं, "इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि कोई भी मुक्त व्यापार समझौता भारत की 60 फीसदी आबादी को प्रभावित करता है, जो कृषि, दूध, ऑटो और कपड़ा उद्योग में काम करती है। अगर हम भारत के समझौतों वाले देशों को देखें तो 15 में से 13 देशों के साथ भारत व्यापार घाटे में है। यह दिखाता है कि मुक्त व्यापार समझौतों से भारत को उतना फायदा नहीं हुआ है क्योंकि वह उपभोग-आधारित अर्थव्यवस्था है। हर देश अपने हितों को देखकर ही फैसले लेता है।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस तरह के समझौतों के लिए ज्यादा उत्सुक दिखाई देती है। इस साल भारत ने दो व्यापार समझौते किए हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया के साथ है जिस पर मार्च में हस्ताक्षर हुए और इसी महीने ऑस्ट्रेलिया की संसद से उसे मंजूरी मिली है। इसके अलावा यूएई के साथ व्यापार समझौते पर अगस्त में दस्तखत हुए थे। पिछले साल उसने मॉरिशस के साथ एक व्यापार समझौता किया था। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत आखरी चरण में है जबकि अमेरिका के साथ भी बातचीत काफी तेजी से आगे बढ़ रही है।

## एक नजर...

### लहार विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी ने संविधान बचाओ एवं सदस्यता अभियान के तहत निकाली साईकिल रैली

ज्ञानसिंह लहार



**लहार।** नगर लहार मैं बहुजन समाज पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ एवं सदस्यता अभियान के तहत साईकिल रैली निकाली गई । इस साईकिल रैली मैं मुख्यअतिथि के रूप में डॉ. विद्याराम कौशल तथा प्रभारी लालसिंह कुशवाह एवं जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह ने रेली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर संभागीय प्रभारी ने भाजपा एवं कांग्रेश दोनो दलों पर निशाना साधते हुए कहा की ये दोनों पार्टियां संविधान विरोधी है एक मात्र बहुजन समाज पार्टी है जो संविधान एवं दलित , पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने का कार्य करती है हम सभी को बहन मायावती के निर्देशानुसार मिशन 2023 के लिए अभी से जजुट जाना है । विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित. लालसिंह कुशवाह ( जिला प्रभारी भिण्ड ) ने कहा की 2023 मैं मध्यप्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी एवं मध्यप्रदेश मैं बडे पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है ।वही जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह कुशवाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में ही संविधान की रक्षा हो सकती है इसलिए बहन मायावती के नेतृत्व में देश में बहुजन समाज की सरकार बनाने के लिए मध्यप्रदेश में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना है इसके लिए हम सभी को अभी से घर घर जाकर बहुजन समाज को जागरूक करना है। इसी बीच मा. पंकज चकृवेदी (जिला कॉर्डिनेटर भिण्ड) ने कहा की संविधान बचाओ साईकिल रैली का मकसद पार्टी के कार्यकताओं में जोश भरना एवं मिशन 2023 मैं लहार विधानसभा मैं अपनी पार्टी का विधायक जिताकर विधानसभा भोपाल भेजने का है इस साईकिल रैली में. जे.पी. सर (जिला प्रभारी सीहौर) श्यामसिंह कुशवाह (जिला उपाध्यक्ष भिण्ड), रमेश फॉजी (विधानसभा प्रभारी लहार), जसवंत बघेल (विधानसभा प्रभारी लहार) , एड. दिनेश दोहरे (विधानसभा अध्यक्ष लहार), सी.पी. कनेरिया (विधानसभा उपाध्यक्ष लहार), डॉ. धनसिंह राठौर (विधानसभा महासचिव लहार), छोटेसिंह रायपुरिया ( विधानसभा कोषाध्यक्ष लहार), रामलखन बौद्ध (विधानसभा सचिव लहार), मा. दिनेश जारोलिया (नगर अध्यक्ष लहार), शिवचरन कुशवाह (वरिष्ठ कार्यकर्ता), एड. गोपीलाल कुशवाह, (वरिष्ठ कार्यकर्ता), मा. महाराज सिंह दोहरे (पूर्व अध्यक्ष लहार), मा. धर्मेन्द्र गौतम (पूर्व जिला- संयोजक भिण्ड), रूपसिंह (सैक्टर प्रभारी), गोविन्द सुमन (सैक्टर प्रभारी, ओमप्रकाश कुशवाह, रामदास पूर्व पार्षद, मौसम मैहलोत्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता साइकिल रैली में उपस्थित रहे ।

# ओपनर के तौर पर इशान के दमदार प्रदर्शन से धवन का भविष्य अधर में

**नई दिल्ली ■** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में इशान किशन दोहरा शतक लगाकर सलामी बल्लेबाज के तौर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरे है और भारतीय टीम की नयी चयन समिति के गठन के बाद पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के भविष्य को लेकर चर्चा की जायेगी। धवन ने अपने पिछले नौ वनडे में से आठ में बुरी तरह संघर्ष किया है। दिल्ली का यह बाएं हाथ का बल्लेबाज पावर प्ले के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी कर रहा है जो टीम के लिए हानिकारक सावित हो रहा है। टी20 के युग में शुभमन गिल और इशान की आक्रामक बल्लेबाजी के सामने पिछले कुछ समय से धवन फीके नजर आये है।



बांग्लादेश में एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद बीसीसीआई टीम के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक करेगा। इसमें मुख्य कोच द्रविड़ और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ भविष्य के खाके पर चर्चा होगी। ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र के हवाले रिपोर्ट किया था कि अनुभवी खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की प्रक्रिया अगले साल से शुरू होगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा,शिखर के भविष्य पर फैसला नयी चयन समिति के गठन के बाद ही होगा. लेकिन इस मामले में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के विचारों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

धवन के साथ सबसे बड़ी समस्या यह आ रही कि वह पारी की शुरुआत में तेजी से रन नहीं बना पा रहे है। 2019 विश्व कप से पहले उनका स्ट्राइक रेट 100 से अधिक का हुआ करता था जबकि 2022 में उनका स्ट्राइक रेट 75 का है।

इशान किशन के दोहरे शतक और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने टीम को वह आक्रामक रवैया दिया जिसकी उसे जरूरत थी। उनकी इस पारी के बाद टीम प्रबंधन चयन मामलों पर विचार करने पर मजबूर होगा। ऐसे खिलाड़ी को बाहर करना आसान नहीं है जिसने 167 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह मौजूदा टीम में रोहित (9454) और विराट कोहली (12471) के बाद भारत के तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उनके नाम इस प्रारूप में 6793 रन दर्ज हैं। इस मामले में दूसरा विचार यह है कि धवन को श्रीलंका और न्यूजीलेंड के खिलाफ जनवरी में कम से कम छह एकदिवसीय मैचों में मौका दिया जाना चाहिये और फिर प्रदर्शन के आधार पर मार्च के अंत में होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला पर फैसला किया जाना चाहिये। इस मामले में शुभमन गिल को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

गिल पिछले छह महीने में भारत के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले एकदिवसीय बल्लेबाज रहे हैं। कुछ अजीब कारणों से चेतन शर्मा की अगुवाई वाली निवर्तमान समिति ने गिल को बांग्लादेश वनडे से आराम देने का फैसला किया। वह टी20 एशिया कप या विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं थे इसके इसके बावजूद इस युवा बल्लेबाज को विश्राम देने का फैसला समझ से परे रहा।

## वार्नर की कप्तानी पर लगा आजीवन प्रतिबंध गलत: स्मिथ

**एडीलेड ■** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने डेविड वार्नर के टीम का नेतृत्व करने पर लगे आजीवन प्रतिबंध को 'मौलिक रूप से गलत' करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज कप्तानी को लेकर एक सप्ताह तक 'ध्यान भटकाने' वाली चीजों से उबर कर लय हासिल करने में सफल रहेगा।

वार्नर ने बुधवार को टीम की कप्तानी करने पर लगा आजीवन प्रतिबंध हटाने को लेकर अपनी याचिका को वापस लेते हुए कहा कि वह क्रिकेट की गंदगी को साफ करने के लिए अपने परिवार



को 'वाशिंग मशीन' बनाने के लिए तैयार नहीं हैं।

उन्होंने साथ ही स्वतंत्र समीक्षा पैनल पर भी सवाल उठाए। 2018 में केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में उनकी भूमिका के लिए टीम की कप्तानी करने से आजीवन प्रतिबंधित किया गया था।

# इंग्लैंड को 2-1 से हराकर फ्रांस विश्व कप के सेमीफाइनल में

### केन ने इंग्लैंड की तरफ से 53वां गोल करके वायने रूनी के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की।

**अल खोर ■** ओलिवियर गिरोड के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने शनिवार को यहां इंग्लैंड को 2-1 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गिरोड ने अल बायत स्टेडियम में 78वें मिनट में फ्रांस के लिए दूसरा और निर्णायक गोल दागा। इससे वह अब ब्राजील के बाद लगातार दो विश्व कप जीतने वाली दूसरी टीम बनने से अब केवल दो जीत दूर है।



ब्राजील में 1958 और 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे। गिरोड ने तब खुशी में तेज दौड़ लगाई जब उनका हेडर इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छका कर गोल के अंदर घुसा। इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन को इसके बाद बराबरी का मौका मिला लेकिन पेनल्टी पर उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। यह केन की दूसरी पेनल्टी थी।

इससे पहले 54वें मिनट में उन्होंने पेनल्टी को गोल में बदलकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई थी। ऑरेलियन टचोमेनी ने 17वें मिनट में फ्रांस की तरफ से पहला गोल किया था। फ्रांस बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में मोरक्को का सामना करेगा जिसने पुर्तगाल को एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में 1-0 से हराया। मोरक्को विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है।

इंग्लैंड स्कोर 1-1 से बराबर करने के बाद बढ़त लेने की स्थिति में भी दिख रहा था लेकिन वह गिरोड थे जिन्होंने एंटोनी ग्रीजमैन के क्रास पर गोल करके फ्रांस की तरफ से 53वां गोल दागा जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। फ्रांस की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि रेफरी विल्टन सैंपेयो ने बॉक्स के अंदर स्थानापन्न मैसन माउंट की चुनौती की समीक्षा की जिन्हें थियो हर्नांडेज ने गिरा दिया था।

ब्राजील के रेफरी ने इंग्लैंड को पेनल्टी दे दी। केन ने जब पहली बार पेनल्टी ली थी तो तब वह टोटेनहैम के अपने साथी ह्यूगो लोरिस को छकाने में सफल रहे थे लेकिन दूसरी बार में उनकी किक क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई। इससे जहां इंग्लैंड के समर्थक निराश हो गए वहीं फ्रांसीसी समर्थक जश्न मनाने लगे। इंग्लैंड को पहली पेनल्टी टचोमेनी द्वारा बुकायो साका को गिराने के कारण मिली थी।

पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में इटली से पेनल्टी में हारने वाला इंग्लैंड 2018 में विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचा था। इंग्लैंड ने विश्व कप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने तक 12 गोल किए थे और उसे पहली बार किसी मैच में पिछड़ना पड़ा। ईरान को 6-2 से करारी शिकस्त देने के बाद यह पहला यह पहला अवसर था जबकि इंग्लैंड की टीम ने गोल खाया।

केन ने इंग्लैंड की तरफ से 53वां गोल करके वायने रूनी के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की लेकिन उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा मौका गंवा दिया।

# रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**पन्ना-** कलेक्टर एवं जिला पंचायत अधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र ने सरपंच एवं पंच पद के चुनाव के लिए विकासखण्डवार रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। पन्ना विकासखण्ड के लिए प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति को रिटर्निंग अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी अशोक कुमार विश्वकर्मा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पवई विकासखण्ड के लिए प्रभारी तहसीलदार ज्योति राजपूत को रिटर्निंग अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी दुर्गाचरण अहिरवार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, अजयग? विकासखण्ड के लिए प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार को रिटर्निंग अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नंदपाल सिंह को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, गुनौर विकासखण्ड के लिए तहसीलदार रामनिवास चौधरी को रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक यंत्री प्रशांत वर्मा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा शाहनगर विकासखण्ड के लिए प्रभारी तहसीलदार कोमल सिंह को रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक यंत्री बी.डी. कोरी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सरपंच के 4 एवं पंच के 2126 पद के लिए मतदान 5 जनवरी को

पन्ना- म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा गत दिवस 30 सितम्बर 2022 की स्थिति में रिक्त पद पर चुनाव के लिए निर्वाचन की घोषणा की गई है। पन्ना जिले में रिक्त सरपंच के चार पद और पंच के 2 हजार 126 पद पर चुनाव के लिए आगामी 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। सरपंच पद के लिए ईव्हीएम एवं पंच पद के लिए मत पत्र व मत पेटी से मतदान होगा। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक संबंधित ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन व आरक्षण के संबंध में सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 15 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र भी 15 से 22 दिसम्बर तक सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 23 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 26 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लिए जा सकेंगे।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली टीएल बैठक

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक में विभागवार साप्ताहिक समयावधि पत्रों सहित जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण कर विभाग और जिले के प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रतिदिन रिव्यू के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने विभिन्न विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ तय समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों की प्रगति से नियमित रूप से अवगत कराने के लिए कहा। जिपं सीईओ द्वारा अधिकारियों को गत दिवस गांव भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों से अवगत कराने तथा व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौकास्थल पर पहुंचकर अवलोकन कर व्यवस्था में सुधार तथा फील्ड स्टॉफ तक बेहतर कम्यूनिकेशन के निर्देश भी दिए। बैठक में अंर्तविभागीय समन्वय के विषयों में पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामजन सुविधा केन्द्र में आवेदकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं व सुविधाओं के आवेदन प्राप्ति के संबंध में अवगत कराएं। यहां रजिस्टर व आवेदन प्रारूप भी रखना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतवार विभाग की योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों का फोल्डर तैयार करने, सभी कार्यालयों में योजनाओं की जानकारी से हितग्राहियों को अवगत कराने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। 13 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले आयुष्मान कार्ड महाअभियान के द्वितीय चरण के क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक दायित्व निर्वहन के निर्देश भी दिए गए। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में विभागवार सरकारी योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही के संबंध में चर्चा हुई।

# 1 लाख 8 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान अंतर्गत विगत 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक आयोजित शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए पात्र पाए गए हितग्राहियों को आगामी दिनों में स्वीकृति पत्रों का वितरण किया जाएगा। पन्ना जिले के कुल 1 लाख 8 हजार 48 हितग्राही 14 विभागों की 37 योजनाओं से लाभांवित होंगे। ई-गवर्नेंस प्रबंधक पुष्पेन्द्र तिवारी ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की 2 योजनाओं से 7 हजार 986, नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 1 योजना से 885, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की 2 योजनाओं से 4 हजार 70, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की 1 योजना से 1 हजार 101, मत्स्य पालन एवं मछुआ विकास विभाग की 1 योजना से 91, महिला एवं बाल विकास विभाग की 3 योजनाओं से 1 हजार 591, राजस्व विभाग की 6 योजनाओं से 15 हजार 301, लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण परिवार विभाग की 1 योजना से 61 हजार 84, वित्त विभाग 3 योजनाओं से 158, श्रम विभाग की 1 योजना से 419, सहकारिता विभाग की 1 योजना से 39, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की 13 योजनाओं से 3 हजार 960, सामान्य प्रशासन विभाग की 1 योजना से 11 हजार 176 तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की 1 योजना से 187 हितग्राहियों को लाभ मिलेगा।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्ति पीठ ने संपन्न कराया 51 कुण्डीय भव्य गायत्री महायज्ञ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

लांजी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ परमपूज्य गुरुदेव पं . श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वन्दनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री शक्तिपीठ लांजी के तत्वावधान में भव्य 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। युग परिवर्तन की बेला में राष्ट्र के समक्ष अनेक चुनौतियों है अतः श्रेष्ठ सुखी एवं सम्पन्न राष्ट्र का निर्माण करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। भारतमाता राष्ट्र की युवा शक्ति का आह्वान कर रही है । युवा शक्ति आगे आये अपनी शक्ति को पहचाने एवं समाज में व्याप्त बुरीतियों , अनैतिक एवं असंवैधानिक गतिविधियों के विरूद्ध संगठित होकर जन जागरण करे एवं नवयुग का सृजेता बनकर लोक नायक की भूमिका का निर्वहन करे। इसी उद्देश्यों को लेकर गायत्री परिवार ट्रस्ट , गायत्री शक्ति पीठ लांजी द्वारा 14 दिसम्बर तक 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

**भव्य मंगल कलश यात्रा रही आकर्षण का केंद्र-**कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन 11 दिसम्बर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ से भव्य मंगल कलश यात्रा निकली गई। बैंड बाजे के साथ बालिकाएं व महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण की हुई थी, तो वहीं सामने वाहन में वेद माता गायत्री, सरस्वती, दुर्गा, भारत माता की जीवंत झांकी निकाली गई। जिसमें सौम्या सिकंदरपुरी गायत्री माता, डाली लांजेवार सरस्वती माता, पुनर्वी वाकड़े भारत माता, रोहिणी तिडके दुर्गा माता बनी थी, इसके अलावा सामने अश्व पर रिया सोनवाने झांसी की रानी, दक्ष



सिकंदरपूरी शिवाजी महाराज के किरदार में थे। मंगल कलश यात्रा बस स्टैंड सुभाष चौक से मेन रोड मां लंजकाई मंदिर, पुराना गुजरी चौक से सब्जी मंडी होते हुए सालेटेकरी मार्ग से कार्यक्रम स्थल रानी अवंतीबाई स्टेडियम पहुंचकर कलश यात्रा का समापन किया गया।

**शांतिकुंज से आए मनीषियों ने पूजन कर किया ध्वजारोहण-**कार्यक्रम में मंगल कलश यात्रा यज्ञ स्थल में पहुंचने के उपरांत शांतिकुंज से आए मनीषियों की टोली प्रमुख परमेश्वर साहू द्वारा वेद माता गायत्री तथा कलश पूजन के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर धर्म ध्वजारोहण किया गया। जिसके पश्चात शांतिकुंज से आए मनीषियों में टोली प्रमुख परमेश्वर साहू, टोली सहायक विकास भाई ब्रम्हभट्ट, सारथी विनोद कुमार नेताम, गायक आर्यन जी, वादक जय ओम डहेरिया का स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत श्री साहू द्वारा सनातन धर्म, संस्कार व संस्कृति पर उद्बोदन दिया। इसी के साथ आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्यामलाल पांडे द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीमती उमा भगत, के एल मेहरबान, आईएस चौहान,यशवंतराव बनोठे, सूरजलाल बिलावर, बबलू खानोरकर, पूरनलाल जैतवार, श्रीमती शोभा वर्मा, जी डी बेदरे, शालिकराम डोलस, कवनलाल लिल्हारे, दुलीराम आसटकर, मयाराम मुरकुटे, ताराचंद भंडारकर, आलोक चौरसिया, संतोष मोरघड़े, किशोर रामटेककर, रत्नेश रामटेक्कर, युवराज पटेल, धर्मेंद्र बैस, देवीलाल एड़े, सुमन आसटकर, नम्रता कबीरे, लीलादेवी मोरघड़े, कौतिका शेंडे, श्रीमती अनीता अग्रवाल सहित भारी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं।

**14 दिसंबर तक होंगे यज्ञ एवं संस्कार-**आगामी 14 दिसम्बर तक रानी अवंतीबाई स्टेडियम में 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार समारोह पूर्वक सम्पन्न कराये जायेंगे। जिसमें कार्यक्रम के तहत आज 12 दिसम्बर सोमवार को प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना, प्रज्ञायोग, प्रातः 8 बजे से देवस्थापना, गायत्री यज्ञ एवं संस्कार, दोपहर 2 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी एवं युवा सम्मेलन , सांय 3 बजे से युग संगीत एवं प्रवचन। 13 दिसम्बर मंगलवार को प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग, प्रातः 8 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार दोप.1 बजे से महिला सशक्तीकरण सम्मेलन, सांय 4 बजे से दीप महायज्ञ एवं युग संगीत, प्रवचन। 14 दिसम्बर बुधवार प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग , प्रातः 8 बजे से गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति एवं देवशक्तियों की विदाई के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस अवसर पर दीक्षा संस्कार , यज्ञोपवित , मुण्डन , विद्यारम्भ , नामकरण , अन्नप्राासशन आदि विविध संस्कार सम्पन्न किये जायेंगे । आयोजक गायत्री परिवार ट्रस्ट , युवा प्रकोष्ठ , महिला प्रकोष्ठ , संयुक्त समन्वय समिति गायत्री शक्तिपीठ लांजी .बालाघाट ने सभी वर्ग सम्प्रदाय के भाई बहनों, युवा छात्र छात्राओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित कर अपने जीवन को धन्य करने की अपील की है।



# 80 लोगों ने इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म में की घर वापसी

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रविवार की देर शाम तकरीबन दर्जनभर परिवार के 80 सदस्यों ने इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म में घर वापसी की है. दरअसल, रामपुर जनपद निवासी धोबी समाज से दलित वर्ग के दर्जनभर परिवार के लगभग 80 सदस्यों को रविवार की देर शाम बघरा ब्लॉक स्थित योग साधना आश्रम के महाराज यशवीर जी ने गंगाजल से शुद्धिकरण कराकर सभी के गले में जनेऊ धारण कर गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुति डलवाकर इन सभी लोगों को इस्लाम धर्म से हिंदू धर्म से वापसी कराई है. इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म में वापसी करने वाले रामपुर जनपद के निवासी इन लोगों ने आजम खान पर आरोप लगाते हुए कहा है कि 12 साल पहले आजम खान के द्वारा जबरन हिंदू धर्म से उनका धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम बनवाया गया था. आरोप यह भी है कि जिसके बाद इन लोगों की जमीन जायदाद भी आजम खान के गुर्गो द्वारा हड़प ली गई थी. जिससे परेशान होकर 12 साल बाद इन सभी लोगों ने मुस्लिम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म में घर वापसी की है. इस दौरान इमराना से कविता बनी एक महिला ने बताया, ÷12 साल पहले आजम खान के लोगों ने हमारा धर्म परिवर्तन कराया था. उन्होंने हमारे साथ कुछ अच्छा नहीं किया. हम परेशान थे, आजम खान के दबाव में ही हमारा धर्म परिवर्तन कराया गया था और हमें हिंदू से मुसलमान बनाया गया था. इसके बाद उन्होंने हमारी जमीन भी छीन ली थी. बहुत लोगों के साथ उन्होंने ऐसा ही किया है.

वहीं हरजाना से सविता बनी महिला ने बताया, पहले वह सविता ही थी, लेकिन आजम खान के दबाव में हम मुसलमान बन गए थे. हमारी जमीन जायदाद भी छीन ली गई थी. आजम खान की वजह से लाखों लोग परेशान हुए हैं. जबरदस्ती हमें मुसलमान बनाया गया. अब हम अपने लोगों में आकर बहुत खुश हैं. वहीं इन सब लोगों को धर्म में वापसी कराने वाले यशवीर महाराज ने बताया, रामपुर निवासी धोबी समाज से दलित वर्ग के कई परिवारों के 80 सदस्यों की हिंदू धर्म में घर वापसी कराई गई है. इन सभी लोगों पर समाजवादी सरकार में आजम खान के द्वारा अत्याचार किया गया है. इन सभी लोगों को लालच देकर डरा धमकाकर हिंदू से मुसलमान बनवाया गया था और इन सब का शुद्धिकरण कराकर घर वापसी कराई गई है. अब तक हम तकरीबन 530 लोगों की हिंदू धर्म में वापसी करवा चुके हैं.

# चाचा शिवपाल पर सीबीआई जांच की बात पर भड़के अखिलेश यादव

उत्तर प्रदेश की राजनीति में परिवार के साथ एकजुट होने के बाद से शिवपाल सिंह यादव चर्चा का केंद्र बने हुए हैं. बीते दिनों उपचुनाव के दौरान रिवरफ्रंट घोटाले में उनके खिलाफ सीबीआई ने जांच की अनुमति मांगी थी. अब इस बात पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से सवाल हुआ तो वो भड़क गए. पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, बीजेपी का दुख है कि ये सब एक क्यों हो रहे हैं. बीजेपी किसी को एक होते हुए नहीं देख सकती है. उन्होंने हमेशा बंटवारे की राजनीति की है. इसी लिए उन्होंने शिवपाल यादव की सुरक्षा वापस ली. इसीलिए उन्होंने रिवरफ्रंट के जांच की बात कही. अगर कैबिनेट के फैसलों की जांच होने लगी और कैबिनेट के फैसलों की ईडी और सीबीआई होने लगी



तो फिर कोई भी सरकार और मंत्री बच नहीं पाएगा, जिसकी जांच नहीं होगी. सपा प्रमुख ने कहा, मैं तो ये कहूंगा कि मुख्यमंत्री को अधिकारियों के खेल में नहीं फंसना चाहिए. बीजेपी को क्या बीमारी है इसका कोई पता नहीं है. उस बीमार का क्या इलाज होगा, इसका भी पता नहीं है. जब परिवार अलग-अलग होते हैं तो ये आरोप लगाते हैं कि परिवार एक नहीं कर सकते हैं. जब परिवार एक हो जाता है तो कहते हैं कि ये परिवारवादी पार्टी है. आज जब पूरा नेताजी का चुनाव समझकर सब लोग. अखिलेश यादव ने कहा, जिस क्षेत्र से चाचा चुनकर आते हैं वो नेताजी का क्षेत्र रहा है, शुरुआती दौर में नेताजी वहां से कई बार विधायक रहे हैं. वहां गांव-गांव और घर-घर नेताजी गए हैं. वहां के हर परिवार के सदस्य को वे जानते हैं. वहां कोई जब उनसे मिलता था तो नेताजी उसके साथ रहे थे. चाचा आ गए हैं, उनकी पार्टी का विलय हो गया है. मुझे लगता है यही दुख बीजेपी के लोगों का है.

# खत्म हुआ बीजेपी का हिन्दू-मुस्लिम का खेल

यूपी में प्रतापगढ़ पहुंचे सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी का हिंदू मुस्लिम का खेल अब नहीं चलेगा, उप चुनाव में जनता ने उसे करारा जवाब दिया है. अगर बीजेपी अब भी नहीं सुधरी तो 2024 में उसका अंत हो जाएगा. उपचुनावों में विपक्ष की जीत से उत्साहित मौर्य ने कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट कर 2024 में गठबंधन को मजबूत करेंगे. सपा गठबंधन मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ेगा. मैनपुरी की ऐतिहासिक जीत से बीजेपी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है. उपचुनाव परिणाम सरकार के बुलडोजर राज, गुंडाराज और अराजकताराज के गाल पर चांटा है.

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, ÷बीजेपी का 80 और 20 का नारा अब नहीं चलेगा. अब जनता के मुद्दों पर आधारित राजनीति करनी होगी नहीं तो




बीजेपी का पूरी तरह सफाया हो जाएगा. प्रदेश में हुए विधानसभा और लोकसभा उप चुनाव में जनता ने बीजेपी के मुंह पर करारा चांटा मारा है और यह संदेश दिया है कि अब हिंदू मुस्लिम का खेल नहीं चलेगा, अब जनता के मुद्दों पर आधारित राजनीति होगी. चुनावी नतीजों से बीजेपी सीख नहीं लेती है तो 2024 में देश से उसका सफाया हो जाएगा. मैनपुरी उप चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद अब बीजेपी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है. स्वामी प्रसाद ने कहा कि 2024 में सपा गठबंधन में सभी विपक्षी दलों को एकजुट कर इतना मजबूत बनाने का कार्य करेंगे कि बीजेपी का सफाया हो जाएगा. बता दें कि रविवार को स्वामी प्रसाद मौर्य प्रतापगढ़ के चिलबिला स्थिति एक रिजॉर्ट में मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. वे गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे जोडों को आशीर्वाद देने पहुंचे थे. इस कार्यक्रम में बीजेपी के एकमात्र विधायक राजेन्द्र मौर्य भी साथ में रहे.

# ओम प्रकाश राजभर का दावा लोग सपा से नफरत करते हैं



उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के परिणाम आने के बाद अब एक बार फिर बयानबाजी शुरू हो गई है. अब सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी पर एक बार फिर से निशाना साधा है. उन्होंने सपा के सत्ता में आने को लेकर भी एक बड़ा दावा कर दिया. ओम प्रकाश राजभर ने कहा, समाजवादी पार्टी से लोग नफरत करते हैं. नाराजगी होती तो लोग मान भी जाते. उनके जो रवैए रहे हैं, उससे पूरा प्रदेश अवगत हो चुका है. हम तो कह रहे हैं कि उन्हें अभी सत्ता में आने के लिए कम से कम 10 साल तक इंतजार करना पड़ेगा. सुभसपा प्रमुख यहीं नहीं रूके, उन्होंने आगे कहा, वे चाचा-भतीजा हैं, तो परिवार कभी भी एक हो सकता है. भावी राजनीति में शिवपाल यादव की कोई भूमिक नहीं है. हम पूरे यूपी के विषय में बता दें लोग नफरत करते हैं. उनके रवैए से पूरा प्रदेश अवगत हो चुका है. हम तो कह रहे हैं कि उनको अभी 10 साल तक इंतजार करना पड़ेगा. वे 10 साल के बाद फिर सुनेंगे. ओपी राजभर ने सपा के संगठन में बदलाव को लेकर कहा, ये तो अखिलेश यादव बता सकते हैं. उन्हें नुकसान होगा. सपा से उबे हुए, नाराज और नाखुश लोग प्रसपा में गए थे. लेकिन प्रसपा का लीडर वहीं चला आया जहां से लोग नाराज थे. लेकिन कम से कम दो दर्जन नेता दो दिन के बाद हमारे साथ आ रहे हैं. उन्होंने कहा, वे नेता कहां-कहां जाएंगे, भगवान जानें. सपा के सिंबल पर ही शिवपाल यादव चुनाव लड़े हैं. इसमें कोई नई बात नहीं है. मैनपुरी का चुनाव वो सिंपैथी में जीते हैं. पांच साल के लिए उन्हें जनता ने वोट दिया था. लेकिन इसी बीच नेताजी का निधन हो गया और उसका श्रेय इन्हें मिला.

# उत्तराखंड में लापता हैं 109 डॉक्टर सालों से नहीं आ रहे हैं अस्पताल

उत्तराखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था की क्या स्थिति है ये किसी से छिपी नहीं है, लेकिन हैरानी की बात ये है कि प्रदेश में जहां डॉक्टरों की भारी कमी है वहीं 109 डॉक्टर ऐसे हैं जो कई सालों से अपने काम पर ही नहीं



आए हैं. यानी कि प्रदेश में पिछले कई साल से 109 डॉक्टर लापता हैं. स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई इन डॉक्टरों पर नहीं की गई है. सबसे अधिक 20 डॉक्टर उधमसिंह नगर जिले में अनुपस्थित चल रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग ने अब इन डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस भेजना शुरू किया है. स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों में तैनात 109 डॉक्टर अनुपस्थित चल रहे हैं. इन 109 डॉक्टर्स में से सबसे अधिक उधमसिंह नगर जिले के 20 डॉक्टर अनुपस्थित चल रहे हैं. दरअसल, स्वास्थ्य विभाग में 2856 पद स्वीकृत हैं. इसमें से 2512 डॉक्टर कार्यरत हैं और 344 पद रिक्त हैं. उधर, डीजी हेल्थ ने अनुपस्थित डॉक्टरों को लेकर कहा है कि ऐसे डॉक्टर जो लंबे समय से अपने काम पर नहीं आ रहे हैं. उनको नोटिस दिए गए हैं. संतोषजनक जवाब न मिलने पर ऐसे डॉक्टरों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी. बड़ी बात ये है कि स्वास्थ्य विभाग के पास अनुपस्थित चल रहे डॉक्टरों की पूरी लिस्ट है लेकिन अभी नोटिस से आगे की कार्रवाई पर स्वास्थ्य विभाग भी नहीं बढ़ पा रहा है. नैनीताल जिले में पांच डॉक्टर, बागेश्वर जिले में पांच डॉक्टर, चंपावत जिले में चार डॉक्टर, पिथौरागढ़ जिले में चार डॉक्टर, अल्मोड़ा जिले में 12 डॉक्टर, उधमसिंह नगर जिले में 20 डॉक्टर, देहरादून जिले में 10 डॉक्टर, पौड़ी जिले में 13 डॉक्टर, उत्तरकाशी जिले में छह डॉक्टर, टिहरी जिले में नौ डॉक्टर, रुद्रप्रयाग जिले में तीन डॉक्टर, चमोली जिले में तीन डॉक्टर और हरिद्वार जिले में 15 डॉक्टर अनुपस्थित हैं.

# दार्शनिक एवं पर्यटन स्थल पांढरीपाठ धाम में प्रशासन का नहीं है ध्यान

## आवागमन व पार्किंग समस्या का जल्द होगा निराकरणः ऋषि पटेल सरपंच



रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

प्रकृति की अनोखी, खूबसूरत और रहस्यमई वादियों की गोद में विराजमान मां पांढरीपाठ देवी मंदिर, विशालकाय जलाशय व गौशाला ने वारी ग्राम को बालाघाट जिले और मध्यप्रदेश में ही नहीं वरन पूरे देश में पहचान दिलाया है। भक्तों का कहना है कि यहां साक्षात देवी मां विराजती है, भक्तों की मन्नतें भी यहां पूरी होती है, इसलिए यह आस्था का केंद्र बना हुआ है। सप्ताह के मंगलवार व शुक्रवार को यहां विशेष पूजा - अर्चना होती है और इस पुजा में हजारों की संख्या में भक्तगण भाग लेते हैं। वैसे तो वर्ष भर यहां भक्तों का आना - जाना लगा रहता है। नवरात्रि पर्व पर आस्था का सैलाब देखते ही बनता है। प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व में यहां समूचे जिले भर में सर्वाधिक ज्योति कलश जगमगाते हैं। नवरात्रि पर्व पर यहां की सजावट और माता रानी के दर्शन करने दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं। भीड़ इतनी होती है कि मंदिर पहुंचने वाले मार्ग पर घंटो जाम जैसे हालात होते हैं। बाहर से आए भक्तों को वाहन पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाता है। वर्तमान समय में भी स्थिति जस की तस है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में माता रानी के दर्शन करने भक्त यहां पहुंच रहे हैं। सड़के संकीर्ण होने के कारण आने जाने में भक्तों को परेशानी व जगह नहीं होने के कारण पार्किंग करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधी, अधिकारीगण, नेता मंत्री सभी यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं, पर अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं निकला है।

**मकर संक्रांति पर्व पर लगता है विशाल मेला**–जनवरी माह में प्रतिवर्ष मकर संक्राति के पावन पर्व पर वारी के पांडरी पाठ धाम में भव्य और ऐतिहासिक मेला लगता है जहां मध्यप्रदेश के अलावा पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ तथा दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। इस दिन भी आस्था का सैलाब यहां देखते ही बनता है।? मेला के दिन पहुंच मार्ग पर दिन भर जाम जैसे हालात होते हैं। बाहर से पहुंचे भक्तों को वाहन पार्किंग के लिए भी कई तरह की समस्या होती है। परंतु प्रशासन इस ऐतिहासिक स्थल में ना ही पार्किंग की व्यवस्था करा रही है और नहीं सड़कों को चौड़ीकरण







करने की ओर ध्यान दे रही है।

**आवागमन व पार्किंग समस्या का जल्द होगा निराकरण** – ऋषि पटेल सरपंच-जब इस संबंध में ग्राम वारी के सरपंच ऋषि पटेल दशरिया से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सुरम्य वादियों के बीच स्थित मां पांढरीपाठ देवी की मंदिर व खराड़ी जलाशय को पर्यटन स्थल में तब्दील करने की अपार संभावनाएं हैं। मैं स्वयं जनप्रतिनिधि होने के नाते उच्चाधिकारियों से मिलकर इसके लिए लगातार प्रयासरत रहता हूं। निश्चित ही यहां पर जो पार्किंग व सड़क की मुख्य समस्या है। पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से करने ग्राम पंचायत वारी द्वारा प्रयास किया जा रहा है, व सड़क को लेकर बताया कि खराड़ी जलाशय तक पहुंच मार्ग राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, जिस पर वर्तमान में कुछ लोगों का अतिक्रमण हैं जिसे प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटवाकर नये मार्ग का निर्माण किया जाएगा। मैं इसके लिए लगातार शासन प्रशासन से संपर्क करते जा रहा हूं।

# रचनात्मकता किसी की मोहताज नहीं होतीप्त

## जीतो बैंगलोर नार्थ महिला विंग द्वारा रेज़नि आर्ट की कार्यशाला

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** आज बहुत से ऐसे क्षेत्र है जहा खुद की कला द्वारा निर्मित सुंदर कलाकृतियों को व्यापारिक रूप देकर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है, बहुत सी प्रतिभाओं ने आज कला के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल की है जिससे रचनात्मकता को एक सुगम राह मिली है। रचनात्मकता की एक बड़ी विशेषता होती है कि वो किसी की मोहताज नही होती अपितु ऐसे कलाकारों को किसी का मोहताज भी नही बनने देती। यह बात जीतो बैंगलोर नार्थ की महिला विंग द्वारा अपनी योजना सीआईएफ के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय मोल्ड विद मास्टर पीस-रेज़नि आर्ट कार्यशाला के शुभारंभ पर मुख्य प्रशिक्षक वनिता जैन ने कही। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि रेज़नि आर्ट जैसी कला को बहुत ही छोटे निवेश के साथ कोई भी इच्छुक अपना सकता है। चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में आयोजित इस तीन दिवसीय उपयोगी कार्यशाला की शुरुआत नवकार स्मरण से हुई। अध्यक्ष बिंदुराय सोनी ने सभी का स्वागत किया।सह प्रशिक्षक बिन्दु मेहता एवं प्रीति भंडारी ने कहा कि रेज़नि से बने उत्पाद मौजूदा बाजार में मूल्यवान उत्पादों की श्रेणी में गिने जाते है,इसके उत्पादों की बढ़ती मांग, उत्पादों का निर्माण करना आसान है , सबसे बड़ी बात यह यह जोखिम मुक्त और सस्ती प्रक्रिया है। ज़रूरत है तो केवल इस कला के प्रति जुनून और कड़ी मेहनत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीतो बेंगलोर की महिला विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी ने कहा कि जीतो मंच द्वारा आयोजित कार्यशालाओ में दिया गया प्रशिक्षण सदस्यों के विकास की आधारशिला का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इस कला द्वारा निर्माण एकल अथवा संगठन आदि बनाकर दोनों तरीकों से किया जा सकता है।रेजिन आर्ट में संभावनाओं की कोई कमी है ही नहीं। इसको शुरू करने के लिए नहीं इलेक्ट्रिक और न ही किसी विशेष स्थान की आवश्यकता होती है. घर के किसी भी छोटे कमरे से इसे बड़ी सरलता से शुरू किया जा सकता है।जीतो बैंगलोर की महिला महामंत्री एवं अपेक्स स्पॉन्सर संयोजक मोनिका पिरगल ने इस सराहनीय प्रयास हेतु बधाई दी और कहा कि जीतो परिवार एक ऐसा मंच है जहां सभी की प्रतिभाएँ आगे आ सकती है। पूर्व सह मंत्री रश्मि खाँटेड ने कहा कि जीतो से जुड़े और अनेको कला सीखे और उसे अपने जीवन में शामिल करे। जीतो बैंगलोर नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार इस कार्यशाला में बतायी गयी तकनीकी द्वारा नवकार मंत्र की फ़्रैम, कान की बालियाँ, टोप्स,कड़े,पेंडेंट्स, चाबी गुच्छा, शो पीस,दिवार घड़ी व अन्य फेंसी आसानी से बनाना सिखाया जाएगा। कार्यशाला संयोजक पिंकी मेहता ने वनिता जैन, सह-संयोजिका नीतू मेहता ने सह प्रशिक्षकों बिन्दु मेहता व प्रीति भंडारी का परिचय दिया। संचालन एवं धन्यवाद महामंत्री सुमन वेदमुथा ने किया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना व रेश्मा पुनमिया, सहमंत्री भाविका कोठारी, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया कार्यसमिति सदस्य जयश्री जैन,सुमन रांका,नीता गादिया, रक्षा छाजेड, सुमन सिंघवी, साधना धोका आदि उपस्थित थे। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 250 सदस्यों की उपस्थिति रही।



# मैनपुरी में जीत के बाद आज शपथ लेंगी सपा सांसद डिंपल यादव

उत्तर प्रदेश स्थित मैनपुरी उपचुनाव में जीत दर्ज करने बाद अब सांसद डिंपल यादव सोमवार को शपथ लेंगी. मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद समाजवादी पार्टी से डिंपल यादव, यादव परिवार की एक मात्र लोकसभा में सांसद होंगी. उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को शपथ दिलाएंगे. सपा की नवनिर्वाचित सांसद और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव सोमवार को दिल्ली आएंगी. डिंपल यादव के साथ अखिलेश यादव भी दिल्ली आ सकते हैं. वहीं डिंपल यादव सोमवार को ही लोकसभा के सांसद के रूप में शपथ लेंगे. इस दौरान अखिलेश यादव भी मौजूद रहेंगे. उन्हें लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला शपथ दिलाएंगे.

इससे पहले मैनपुरी उपचुनाव में सपा उम्मीदवार रहीं डिंपल यादव ने जीत दर्ज की थी. तब उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवार रघुराज सिंह शाक्य को करीब 2.88 लाख वोटों से हराया था. इस दौरान उन्होंने जसवंतनगर से शिवपाल यादव और 2019 में लोकसभा चुनाव में नेताजी के जीत का रिकॉर्ड तोड़ दिया. नेताजी ने करीब 94 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था. वहीं शिवपाल यादव के जसवंत नगर से उन्होंने 1.06 लाख की लीड़ ली. जबकि



शिवपाल यादव ने 2022 के विधानसभा चुनाव में करीब 96 हजार के अंतर से चुनाव जीता था. बता दें कि मुलायम सिंह यादव 2019 के लोकसभा चुनाव में यादव परिवार से एक मात्र सांसद चुने गए थे. उसके बाद बीते 10 अक्टूबर को उनका गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था. जिसके बाद मैनपुरी में उपचुनाव हुआ. मैनपुरी में उपचुनाव के लिए पांच दिसंबर को वोट डाले गए थे. जबकि आठ दिसंबर को वोटों की गिनती हुई थी. जिसके बाद चुनाव में सपा के टिकट पर डिंपल यादव ने बीजेपी उम्मीदवार को हराया है.

# मानुषी छिल्लर महिला अधिकारों के लिए लड़ेंगी



अभिनेत्री और पूर्व मिस वल्ड मानुषी छिल्लर को अक्सर महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जोड़ा गया है। उन्हें अब महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा पर उनके वैश्विक अभियान के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा लाया गया है।

मानुषी ने कहा,एक ऐसे मुद्दे पर यूएनडीपी के साथ जुड़ना एक सम्मान और सौभाग्य की बात है, जो हमारे समाज में काफी व्याप्त है। मैं हमेशा भारत में महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाती हूं और लिंग आधारित हिंसा एक दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता है जिसे जमीनी स्तर से खत्म करने की जरूरत है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाज में एक स्वीकृत मानदंड रहा है और महिलाओं को बचपन से ही इसके साथ ठीक होने के लिए सामाजिक रूप से अनुकूलित किया गया है। उन्होंने अगे कहा, इस पहल के माध्यम से, हम सभी को हिंसा के परिणामों के बारे में जागरूक करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हालांकि लोगों की मानसिकता को बदलने में बहुत समय और प्रयास लगने वाला है, जो सही दिशा में पहला कदम मायने रखता है।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, मानुषी, जिन्होंने सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ इस साल की शुरूआत में सम्राट पृथ्वीराज के साथ बॉलीवुड में अपनी शानदार शुरूआत की, ने हाल ही में एक्शन-स्टार जॉन अब्राहम के साथ तेहरान की शूटिंग पूरी की है।

# इम्तियाज संग काम करेंगी परिणीति



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्मकार इम्मतियाज अली की फिल्म चमकीला में काम करती नजर आयेंगी। इम्तियाज अली जल्द फिल्म चमकीला का निर्देशन शुरू करेंगे।चमकीला पंजाबी फोक सिंगर की अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है। इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा और दिलजीत दोसांज की अहम भूमिका होगी। परिणीति चोपड़ा फिल्म चमकीला में अमरजोत कौर की भूमिका में नजर आएंगी। वहीं दिलजीत दोसांज अमर सिंह चमकीला की भूमिका निभाएंगे। बताया जा रहा है कि परिणीति चोपड़ा ने इस भूमिका के लिए कड़ी मेहनत की है। यह फिल्म दो महीनों में शूट की जाएगी।

# 'पापा नहीं चाहते थे मैं अभिनेता बनूं: ऋतिक



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन का कहना है कि उनके पिता राकेश रोशन नहीं चाहते थे कि वह अभिनेता बनें। ऋतिक रोशन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये दो दशक हो गये हैं ।ऋतिक रोशन हाल ही में रेड-सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बताया, 'मेरे पापा, मेरे फिल्मी दुनिया का हिस्सा बनने के खिलाफ थे। इसका कारण उनका लगातार 20 सालों तक किया स्ट्रगल था।मेरे पापा नहीं चाहते थे कि मुझे भी इस तरह का स्ट्रगल करना पड़े, लेकिन मुझे लगता है मेरे अंदर कुछ खास था जिसकी वजह से मैंने यहां आने का अटूट फैसला किया था।



# रोहित शेट्टी ने रणवीर और दीपिका को लेकर किया खुलासा

बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी ने रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को डायरेक्ट करने के अपने एक्सपीरिंस के बारे में खुलासा किया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सर्कस में रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में रणवीर सिंह की पत्नी दीपिका पादुकोण की केमियो भूमिका है।दीपिका इस फिल्म में रणवीर के साथ करंट लगा रे गाने में डांस करती नजर आएंगी। रोहित शेट्टी ने रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को डायरेक्ट करने के अपने एक्सपीरिंस के बारे में बड़ा खुलासा किया है।

रोहित शेट्टी ने बताया कि दीपिका और रणवीर को निर्देशित करना कितना अलग है। उन्होंने बताया कि दीपिका कंट्रोल एक्ट्रेस हैं, वहीं रणवीर इसके उलट हैं। रणवीर एक जनरेटर की तरह हैं जो चलता रहता है।वह बेहद मेहनती हैं। मुझे लगता है कि रणवीर अलग है, हमें उसे वश में करना होगा। वह एक जनरेटर की तरह है और चलता रहता है, उसे पकड़ना पड़ता है, जबकि दीपिका कंट्रोल एक्ट्रेस हैं, वह जानती है कि वह क्या कर रही है। यहां तक कि रणवीर भी जानते हैं, जहां तक कॉमेडी की बात है तो वह बहुत मेहनती हैं।करंट लगा रे के लिए, रणवीर ने 10 दिनों तक प्रेक्टिस की थी, जबकि दीपिका 'सीधे सेट पर' थीं।

# जान्हवी कपूर के फिटनेस का राज आया सामने

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर, जिन्हें 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल', 'धड़क' और 'रूही' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में उनके उत्कृष्ट अभिनय के लिए जाना जाता है, ने अपने दर्शकों के लिए फिटनेस टिप्स साझा किए हैं। उन्होंने अपने शानदार अभिनय और नृत्य क्षमताओं के अलावा अपनी तेजतर्रार और चंचल शैली से लोगों का दिल जीत लिया है। उनके आत्मविश्वास, शैली और निर्दोष काया ने उन्हें एक समर्पित अनुयायी बना दिया है। जान्हवी के आश्चर्यजनक फिटनेस परिवर्तन ने सोशल मीडिया पर अभ्यास वीडियो ने कई लोगों को अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। जान्हवी ने अपने प्रशंसकों को नए साल की शुरूआत स्वस्थ तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया। वह एक स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने और आकार में आने के लिए सरल और आसान फिटनेस टिप्स साझा करती हैं।



जान्हवी का दृ विश्वास है कि 'आप वही हैं जो आप खाते हैं!' वह कहती हैं, ९पंजाबी परिवार से होने के कारण, मैं एक गोल-मटोल छोटी बच्ची हुआ करती थी। यह गोल-मटोल से सुडोल होने के लिए एक चुनौतीपूर्ण रोलरकोस्टर लाइफ रही है। अपनी फिटनेस यात्रा को छोटे और सरल जीवनशैली में बदलाव के साथ शुरू करना महत्वपूर्ण है, जैसे कि अपनी अदला-बदली करना।

स्वस्थ विकल्पों के लिए भोजन की आदतें। मैंने अपनी फिटनेस यात्रा छोटे कदमों के साथ शुरू की - जिसमें मेरे दैनिक भोजन की आदतों के हिस्से के रूप में अधिक स्वस्थ ताजा फल, सब्जियां और जंक फूड से परहेज शामिल है। मैं आपसे वादा करती हूं, यह एक स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने में एक लंबा रास्ता तय करता है। वह आगे कहती हैं, मेरे लिए, मुझे प्रोटीन से भरपूर नाश्ता पसंद है, जैसे ब्राउन ब्रेड, ओट्स, एग वाइट और मेरा पसंदीदा सफोला फिटीफाय पीनट बटर। मुझे अच्छा लगता है कि यह ओमेगा 3, व्हे प्रोटीन, बिना मिठास वाली, डार्क चॉकलेट से लेकर शाकाहारी विकल्पों तक के वेरिएंट में आता है। दोनों अतिरिक्त कुरकुरे और साथ ही सुपर मलाईदार रूपों में। दोपहर के भोजन के लिए, मैं केवल घर का बना खाना खाती हूं या अगर मैं शूटिंग के लिए बाहर हूं तो फलों और सब्जियों के रस का सेवन करती हूं। मैं अपना रात का खाना बहुत हल्का रखती हूं, बहुत सारी उबली हुई सब्जियां, सूप, और कभी-कभी ग्रिल्ड फिश।

जान्हवी का मानना है कि शरीर और दिमाग को स्वस्थ रखना जरूरी है। वह कहती हैं, यह महत्वपूर्ण है कि पसीना बहाया जाए और किसी भी रूप में लगातार कसरत की जाए जिसका आप आनंद लेते हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से कार्डियो, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, पाइलेट्स, तैराकी, योग और नृत्य का भी आनंद लेती हूं। मेरे लिए, योग उपचारात्मक है क्योंकि यह मेरे दिमाग को आराम देता है।

बहुरंग

# 'बिग बॉस': टीना की घर में वापसी



'बिग बॉस 16' की प्रतियोगी टीना दत्ता, जिन्हें हाल ही में घर से बाहर किया गया था, बिग बॉस के कहने पर शालीन भनोट द्वारा बजर दबाने के बाद वापस लौटी। शालीन ने यह करने पर 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि गंवाई। टीना, हालांकि, उनसे खुश नहीं थी और उन्हें नकली दोस्त कहकर उनसे बहस करने लगी। उन्होंने उनसे कहा, उस दिन मैं घर से निकलने वाली थी तो तुमने बजर नहीं दबाया और आज अचानक तुमने उसे दबा दिया। तुमने मुझे समर्थन देने का फैसला करने में इतना समय क्यों लगाया, अगर मैं तुम्हारी जगह होती तो तीसरी गिनती में दबा देती और तुम्हें बचा लेती।

टीना ने यह भी कहा कि उन्होंने घर छोड़ने के बाद उन्हें नाचते देखा। मैंने तुम्हें गाना गाते देखा। वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान, होस्ट सलमान खान ने अपने दोस्तों और सह-प्रतिभागियों टीना दत्ता और सुम्बुल तौकीर को बेदखल होने से बचाने के लिए शालीन को बजर दबाने के लिए कहा। सलमान ने कहा कि नकद पुरस्कार से 25 लाख रुपये काटे जाने के बाद ही शालिन एक को बचा पाएगा या वह अपनी पुरस्कार राशि प्राप्त कर सकता है और प्रतियोगियों में से एक को बेदखल कर दिया जाता है। जब शालीन ने बजर नहीं दबाया और टीना को बेघर कर दिया गया। सबसे अजीब बात थी जब उन्होंने श्रीजिता डे और अर्चना गौतम से कहा कि वह टीना को कभी पसंद नहीं करते थे और केवल चिकन के लिए उन्हें पसंद करते थे और खाने के लिए उनके साथ थे।

दिलचस्प

# अनुष्का ने शेयर की अपनी तस्वीरें



सेलिब्रिटी जोड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली रविवार को पांच साल के वैवाहिक जीवन का जश्न मना रहे हैं। इस अवसर पर, अनुष्का, जो स्पोर्ट्स बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' के साथ अपनी वापसी कर रही हैं, ने इंस्टाग्राम पर अपने पति और खुद की कई अनदेखी तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमें, हमारे प्यार को सेलिब्रेट करने के लिए इन प्यारी तस्वीरों को पोस्ट करने के लिए आज से बेहतर दिन क्या हो सकता है! तस्वीर 1 - मुझे पता है कि आपको हमेशा के लिए मेरा साथ मिल गया है। तस्वीर 2 - हमेशा हमारे दिलों में आभार (दोनों अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली हो रहे हैं)।

उन्होंने आगे लिखा, तस्वीर 3 - आप मेरे लंबे और दर्दनाक लेबर पेन के एक दिन बाद अस्पताल के बिस्तर पर आराम कर रहे हैं। तस्वीर 4 - हम चीजों में एक जैसा स्वाद रखते हैं। तस्वीर 5 - कुछ साथी। तस्वीर 6- आप मेरी अधिकांश तस्वीरों को इन-पोस्ट-टेबल में अनूठे भावों के साथ पोस्ट करने योग्य बनाते हैं। तस्वीर 7 - चीयर्स टू अस, माय लव टूडे, टुमारो एंड फॉरएवर। विराट और अनुष्का ने 11 दिसंबर, 2017 को 800 साल पुराने गांव बोर्गो फिनोचियेटो में शादी के बंधन में बंध गए, जिसे पुनर्निर्मित कर एक बुटीक में बदल दिया गया था। दोनों ने अलग होने से पहले कुछ वर्षों तक डेट किया, वे आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए और 2021 में अपनी बेटी वामिका के माता-पिता बन गए।

## विचार पेज का शेष

# आज के बड़े नेताओं के गंदे, हिंसक भाषण!

कोई भड़काऊ बयान नही दिया। जब वे एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रही थी तो उन्होंने बड़े आम लहजे में कहा, ''वे कहते है कि हम एक हजार साल तक लड़ेंगे। हम कहते है कि हम शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व से रहेंगे''। इस सरल से वक्तव्य में कितनी शालीनता थी। न भुट्टो का नाम लिया न पाकिस्तान का, न अभद्र भाषा का प्रयोग किया और न कोई उत्तेजना दिखाई। इससे जहां एक ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भुट्टो की अंतर्राष्ट्रीय छवि धूमिल हुई वहीं इन्दिरा गांधी ने संयमित रहकर अपनी बड़ी लकीर खींच दी।

ऐसे व्यक्तित्व के कारण उस दौर में भी इन्दिरा गांधी की छवि पूरी दुनिया में एक ताकतवर नेता की थी। जिन्होंने अपनी इसी क़ाबिलियत के बल पर पड़ोसी देश सिक्किम का भारत में विलय कर लिया और बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करवा दिया। 1947 से आजतक इतनी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय सफलता भारत के किसी प्रधानमंत्री को कभी प्राप्त नहीं हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि शालीन भाषा बोलकर भी कोई राजनेता अपने प्रतिद्वन्दियों को परास्त कर सकता है। इसलिये उसे अपनी भाषा पर संयम रखना चाहियें। इसका एक और उदाहरण समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया और पं. जवाहरलाल नेहरू के बीच सम्बन्धों का है। लोकसभा में लोहिया जी पं. नेहरू की नीतियों की कड़ी आलोचना करते थे। पर सत्र के बीच जब दोपहर के भोजन का अवकाश होता तो पं. नेहरू लोहिया जी के कंधे पर हाथ रखकर कहते कि तुमने मेरी खूब आलोचना कर ली चलो अब भोजन साथ-साथ करते हैं।

लोकतंत्र की यही स्वस्थ परम्परा कुछ वर्ष पहले तक चली आ रही थी। राजनैतिक विचारधाराओं में विपरीत होने के बावजूद सभी दल के नेता एक दूसरे के प्रति मित्र भाव रखते थे और एक दूसरे का सम्मान करते थे। अपने को सर्वश्रेष्ठ मानकर अहंकार और दूसरे दलों और नेताओं के प्रति तिरिस्कार का भाव रखने वाले न तो अच्छे नेता ही बन सकते है और न उच्च पद पर बैठने योग्य व्यक्ति। फिर ऐसे व्यक्ति का युगपुरूष बनना तो असंम्भव है। इसलिये भारत के चुनावों और लोकतांत्रिक परम्पराओं में आ रही इस गिरावट को फौरन रोकना चाहिये।

# एस.एल.ए.- एशिया कम्युनिटी के नये अध्यक्ष के रूप मे भारत से बीबीएयू के प्रो. एम. पी. सिंह हुए निर्वाचित

**व्यूरो चीफ सोनू कुमार माथुर**

**लखनऊ।** ऑनलाइन सम्पन हुए स्पेशल लाइब्रेरी एसोसिएशन-एशिया कम्युनिटी चुनाव के परिणाम में प्रो. एम. पी. सिंह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किये गए । इस पद पर उनका कार्यकाल 2023 से 2025 तक रहेगा। इस विश्वविख्यात पुस्तकालय संघ की स्थापना सन 1909 में अमेरिका में हुई, यह संघ विश्व के सबसे बड़े पेशेवर गैर - लाभकारी संघो में से एक है। इसकी शाखाये विश्व के सभी महाद्वीपों में है और सम्प्रति 83 देशो में 25 डिवीजनों में लगभग 4000 सदस्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वाहन रहे है ।

एसएलए-एशिया कम्युनिटी का अध्याय दुनिया भर के सदस्यों के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाले अध्यायों में से एक है। इस संघ में भारत, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, ताइवान, थाईलैंड, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, यूके , यूएसए जैसे 70 प्रमुख वैश्विक देश सदस्य के रूप में सम्मलित है। वर्तमान समय में डॉ. सिंह पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। इसके साथ ही वे संकायध्यक्ष, योग,प्राकृतिक चिकित्सा और संज्ञानात्मक अध्ययन पीठ एवं आचार्य प्रभारी स्थापना जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों का सक्षम तरीके से निर्वाह कर रहे हैं। प्रख्यात शिक्षाविद, कुशल प्रशासक, लोकप्रिय शिक्षक, रिसर्चर, स्पोर्ट्स मैन सदृश बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी प्रो. सिंह को उनकी विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक भूमिकाओं के लिए अनेक सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर डॉ. सिंह को विश्व समुदाय के एल.आइ.एस. प्रोफेशनलों की जानी मानी हस्तियों ने उन्हें बधाइयाँ दी। प्रो. एम. पी. सिंह ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए विश्व के सभी एसएलए एशियन समुदाय के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है और साथ ही उनको भरोसा दिलाया कि वह सभी निर्वाचित मंडल के साथ पुस्तकालयों के विकास, तकनीकी और पुस्तकालयों में कार्यरत कर्मचारियों की खुशहाली के लिए सतत कार्य करेंगे और इस प्रख्यात संघ की विरासत को आगे बड़ाने के लिए अपना सर्वोत्तम योगदान देने का प्रयास करेंगे। प्रो. सिंह ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सभी सहयोगी, मित्रों व अधिकारियों का विशेषकर माननीय कुलपति प्रो. संजय सिंह का आभार व्यक्त किया जिनकी प्रेरणा एवं सकारात्मक सोच के कारण ही वह इस प्रतिष्ठित संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। अंत में उन्होंने अध्यक्ष, सदस्यों, शोधार्थियों तथा अपने परिवार विशेषकर माता जी के आशीर्वाद का तहेदिल से आभार प्रकट किया। प्रो सिंह के इस उपलब्धि पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की तरफ से उन्हें सम्मानित किया गया। प्रो. एम.पी.सिंह के इस उपलब्धि व सफलता पर विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों सहित विमल एजुकेशनल एवं सोशल फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सरोज सिंह ने ड्डशी व्यक्त कर बधाई दी है। प्रो सिंह के इस सफलता पर उत्तर प्रदेश के कई मिडिया संगठनों ने भी ड्डशी जाहिर कर बधाई दी है।





## नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अगुवाई में एक दर्जन भाजपा बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के हुए शामिल

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह की अगुवाई में भाजपा-बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।इस मौके पर मुख्य रूप से लहार ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा राजू मोलिया,पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र खेमरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधरिया,कांग्रेस नेता सुरेश कौरव आदि नेताओ की मौजुदगी में शामिल हुए।जानकारी के अनुसार चड़रौआ के मनीराम बघेल लंबे समय से भाजपा के समर्थक माने जाते थे।आज उन्होंने नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह की समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले ली।इस मौके पर मनीराम बघेल ने कहा भाजपा में सबको विधायक बनने की होड़ लगी है।गाँव की जनता किसानों की परेशानी में कोई नही आता चुनाव आते ही घर घर माला पहनने के लिये आगे आ जाते है।पांच साल परेशानी में केवल डॉ गोविन्द सिंह ही काम आते है इसलिये भाजपा से हम तो ऊब गए डॉ सहाव ही भले है।इस मौके पर गोरा के कप्तान पुत्र मान सिंह कौरव सहित एक दर्जन गोरा ग्राम के लोगों ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।जिनमे मुख्य रूप से सालिकराम जाटव, राजू दोहरे,हरी सिंह दोहरे,धर्मेन्द्र दोहरे,सोनू दोहरे, जबर सिं गवह दोहरे,अमर सिंह परिहार,नरेश कुमार माहोर,लल्लेश शाक्य शामिल हुए वहीं मिहोना से सोनू शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।

## खबर से बौखलाए बीएमओं ने पत्रकार से मोबाइल पर की गाली गलौच दी धमकी

### एक जुट हुए पत्रकार कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**



**श्योपुर।** प्रदेश भर में पत्रकारों द्वारा खबरे प्रकाशित किये जाने के बाद पत्रकारों को धमकाए जाने का मामला थमने का नाम नही ले रहा है जहा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल पर नसबंदी ऑपरेशन शिविर में अव्यवस्थाओं के साथ ही नसबंदी ऑपरेशन से रफू चक्कर हुए कराहल बीएमओ की खबर टीवी 27 चैनल पर प्रसारित किये जाने के बाद बौखलाए बीएमओ ने पत्रकार गोविन्द गर्ग को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली,जहा बीएमओ द्वारा पत्रकार को गाली गलौच ओर धमकी देकर पत्रकारों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाए जाने का प्रयाश किया जारहा है वही बीएमओ द्वारा पत्रकार को गाली गलौच देकर धमकाए जाने से जिले भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त है जिसके चलते पत्रकारों ने एक जुट होकर श्योपुर कलेक्टर शिवम वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह से बीएमओ द्वारा गाली गलौच ओर धमकाए जाने की बात पर चर्चा की वही बीएमओ द्वारा पत्रकार को धमकाए जाने पर कार्रवाई की मांग को लेकर एक ज्ञापन सोपा ज्ञापन देने वालो में पत्रकार अनिल शर्मा दैनिक भास्कर, बंटी उपाध्याय आचरण,अनिल दुबे इंडिया न्यूज,स्वदेश भारतद्वाज आईबीसी 24,डॉ भारत भूषण प्रथम प्रहरी टाइम्स, सुरेश वैष्णव नई दुनिया, हरेंद्र राजावत प्रदेश टुडे,रवीना शर्मा, आदित्य एक्सप्रेस, धर्मेन्द्र शर्मा सच टाइम,बनवारी लाल दुबे न्यूज24म27, जितेंद्र सैनी कुनो एक्सप्रेस,देवेंद्र शर्मा लोक दुनिया,राहुल जैन हिंदुस्तान न्यूज, नीलमणि डीपीके न्यूज, धीरज बालोटिया आस्था न्यूज, ओमप्रकाश हिंदुस्तान टाइम्स, सांगीता गुप्ता पत्रिका न्यूज, विनोद पाठक पुष्पांजली टुडे, सत्यनारायण गोयल, ईरशाद पठान, बंटी सोनी, अभिषेक मोदी आदि उपस्तिथ रहे।

## होटल अधिग्रहण की कार्यवाही

पन्ना- वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजन के दृष्टिगत 5 अतिरिक्त होटलों के अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है, जिसके तहत कस्तूरबा छात्रावास पन्ना सहित धाम मोहल्ला स्थित गुजराती भवन, मंगल भवन, राधिका भवन और एमआरएस भवन का तत्काल प्रभाव से आगामी 23 दिसम्बर तक अधिग्रहण किया गया है।

## छात्रावास एवं स्कूल में अधिनियम का किया प्रचार-प्रसार

पन्ना-महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों के तहत गत 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक महिलाओं-बालिकाओं से संबंधित अधिनियमों का छात्रावासों एवं स्कूलों में प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान महिलाओं के प्रति सभी प्रकार की हिंसा व भेदभाव समाप्त करने के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, समग्र विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभियान के माध्यम से अधिनियमों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 और पोर्टल सहित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया गया।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ड्रेगन बोट प्रतियोगिता का हुआ समापन






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में गौरी सरोवर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ड्रेगन बोट प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान नगर पालिका भिण्ड अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि,नगर पालिका भिण्ड उपाध्यक्ष भानू भदौरिया, संजीव शर्मा, राहुल मिश्रा, रुद्र प्रताप, कयाकिंग केनोइंग एसोसिएशन सचिव श्री योगेन्द्र, कयाकिंग केनोइंग एसोसिएशन जिला सह सचिव प्रवेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी,जनप्रतिनिधिगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया बन्धु, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय ड्रेगन बोट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथियों द्वारा पर्यटन पर आधारित मध्यप्रदेश गीत आमंत्रण है आओ पधारो मध्यप्रदेश का विमोचन किया गया। इसी क्रम में जूनियर टीम द्वारा अंतिम ड्रेगन बोट रेस आयोजित की गई जिसका मुख्य अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। राज्य स्तरीय ड्रेगन बोट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता टीम को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राधे गोपाल यादव द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# 5.70 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया

## स्वर्णिम लटेरी बनाने के लिए अंतिम श्वांस तक प्रयासरत रहूंगा: उमाकांत शर्मा

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज/ लटेरी।** एक समय कांग्रेस की सरकार और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि हुआ करते थे, तब योजनाओं का आधा पैसा अधिकारी नेताओ को रिश्वत में खर्च हो जाता था। लटेरी को काले पानी की सजा मानते थे, लेकिन भाजपा की सरकार बनी तो स्व लक्ष्मीकांत शर्मा ने विकसित लटेरी बनाया। अब इस लटेरी को स्वर्णिम और महानतम लटेरी बनाना है, मेरा अंतिम श्वास तक यही प्रयास रहेगा। यह बात विधायक उमाकांत शर्मा ने लटेरी बस स्टैंड मैदान पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। विधायक द्वारा लटेरी नगर में बस स्टैंड मैदान पर मंत्रोचारण के साथ 5.70 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इसके पूर्व मंच से संबोधन देते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी कर्मचारी हों या जनप्रतिनिधि, सबके खिलाफ कार्यवाही कराएंगे। उन्होंने मंच से ही लटेरी में होने वाले 5.70 करोड़ के निर्माण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अन्य मंजूर हुए कार्यों की भी जानकारी देते हुए बताया कि नए सिविल अस्पताल, स्टेडियम, पार्क, सड़कें, लाइट आदि करोड़ों के स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी दी।

**सबसे ज्यादा राशि लटेरी के लिए, यह गर्व की बात**-नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारी ने विकास कार्यों की जानकारी दी। वहीं मंचासीन भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष भैरों सिंह जी ने कहा कि मैंने नहीं सुना कि 6 करोड़ का काम कोई विधान सभा क्षेत्र में कोई अन्य विधायक लेकर आया हो। लेकिन लटेरी क्षेत्र में इतने विकास कार्य के लिए मंजूर होना प्रसन्नता और गर्व की बात है। वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार बनती है तो विकास की गति बढ़ती है। 2003 के पहले क्या हालात थे, सभी जानते हैं, इसके बाद भाजपा सरकार बनी और प्रदेश के साथ ही लटेरी का भी विकास हुआ है। इनके अलावा लटेरी मंडल महामंत्री रामगुलाम राजोरिया सहित विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी, एसडीएम हर्षद शर्मा ने भी उद्बोधन दिया। बस स्टैंड पर बनेगा कॉम्प्लेक्स-बस स्टैंड पर सीसी रोड एवं कॉम्प्लेक्स निर्माण 3.98 करोड़ रूपए, लोक सेवा केंद्र के पास सीसी निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण 57.32 लाख रूपए, 51.72 लाख रूपए सीसी एवं टीन शेड, 37 लाख रूपए की लागत से 4 आंगनवाडी के भवनों के निर्माण का कार्य का, विधायक निधि से वंशकार समाज का सामुदायिक भवन निर्माण, संत रविदास मंदिर के सामने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, कुल 5.70 करोड़ रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा वक्ताओं ने बताया कि करीब 18 करोड की राशि से लटेरी का सामुदायिक स्वास्ड़थ्ड़य केंद्र का उन्नयन अब सिविल अस्पताल के रूप में होगा, और 2.64 करोड की राशि से उनारसीकलां में नया प्राथमिक स्वास्ड़थ्ड़य केंद्र बनेगा, यह क्षेत्र के लिए बडी उपलब्धि है।



**सजाया नगर, विधायक का भव्य स्वागत किया**-कार्यक्रम के पूर्व नगर में प्रवेश करते ही अततू भंडारी और सहयोगियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आतिशबाजी के बीच ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। नगर में कई स्थानों पर विधायक श्री शर्मा का स्वागत किया गया। मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के बाद कन्या पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दादाभाई रंधीर सिंह बघेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भैरोंसिंह जादौन, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, सुमेर सिंह बघेल, जगदीश पाराशर, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह बघेल, जिला मंत्री भारत सिंह राजपूत, एसडीएम हर्षल चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारी, न. प. उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापति, जनपद पंचायत अध्यक्ष सीमा कलावत, जपं उपाध्यक्ष भूपत सिंघ गुर्जर, तेजप्रताप बनाजी, बृजभूषण चौहान, दिनेश शर्मा, आनंदपुर मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, लटेरी मंडल अध्यक्ष राजकंवर बघेल, लटेरी मंडल महामंत्री रामगुलाम राजोरिया, माखन सिंह जादौन, सरदार सिंह कुशवाह, माखन सिंह यादव, विष्णु प्रसाद शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अत्तु भंडारी, दयाराम साहू सहित भाजपा नेता, कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी, और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सूचना

25 दिसंबर 2022 को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रांतीय कार्यकारिणी का निर्वाचन होना है जिसके निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश सिंह कुशवाह उज्जैन एवं श्री विजय सिंह सावनेर टिमरनी होशंगाबाद होंगे निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 10ः00 बजे झंडा वंदन के बाद प्रारंभ होगी निर्वाचन के बाद डॉ शिवराम सिंह गौर राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष के क्षत्रिय महासभा में सेवा करते 50 वर्ष से ज्यादा व्यतीत होने पर उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यक्रमों को देखते हुए उनका अमृत महोत्सव मनाया जाएगा सभी राष्टीय प्रांतीय संभागीय जिला पदाधिकारियों एवं सभी आजीवन सदस्य एवं कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि भोपाल में रॉयल ट्रीट गार्डन एमपी नगर जोन वन गायत्री मंदिर के सामने पहुंचने का कष्ट करें।

**निवेदक**- सुरेंद्र सिंह तोमर राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा

**पुष्पेन्द्र सिंह तोमर कुरैठा**
**जिलाध्यक्ष**
**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुरैना मध्य प्रदेश**

## शोक संदेश



**अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है। कि हमारे भाई स्वर्गीय**

**श्री अच्चला राम जी**

पुत्र (स्वर्गीय) खीमाराम जी सीरवी का स्वर्गवास दिनांक 7. 12. 2022 बुधवार को गया हैं। सो हरि इच्छा प्रबल हैं । उणोरे लारे बारावा सामाजिक मेल. दिनांक 17.12.2022 शनिवार को पैतृक निवास स्थान चाचोडी बेरा भुतावा पर रखा गया है । 7021541126

**शोकाकुल परिवारः** तिजो बाई (माता) उषा (धर्मपत्नी) सुमटी. हरिश जी (धर्म बहिन बहनोई)। रेखा तमना (पुत्री) भरत मुकेश ( पुत्र) भाई. नेनाराम सुखदेव हीरालाल मांगीलाल छोगाराम . पका राम कानाराम वकताराम (स्वर्गीय) गिरधारी लाल जेटा राम चुन्नीलाल। शिवलाल ।कालूराम जेटा राम।

**एवं समस्त होम्बड परिवार।**

Aadhar
Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478